जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

अजमेर

Rashtradoot

फोनः- 2627612, 2427249 फैक्सः- 0145-2624665 वर्षः 27 संख्याः 27 प्रभात अजमेर, शुक्रवार 26 अगस्त, 2022 आर.जे./ए.जे./73/2015-2017 पृष्ठ 8 मूल्य 2.00 रु.



*महान वैज्ञानिक चार्ल्स डार्विन और फ्रैंच नैचुरलिस्ट व बायॉलजिस्ट, ज़ाँ बतीस्त लामार्क के जमाने से वैज्ञानिक हैरान हैं कि जिराफ को लम्बी गर्दन कैसे मिली। डार्विन का सिद्धांत अभी भी प्रचलित हैं पर ''नैचुरल सलैक्शन'' या ''सैक्सुअल सलैक्शन'' में से किस प्रक्रिया की भूमिका ज्यादा महत्वपूर्ण है इस बात पर इवोल्यूशनरी (विकासवाद- संबंधी) वैज्ञानिकों में आज भी मतभेद है। चाइनीज़ अकैडमी ऑफ साईन्सेज़ के वैज्ञानिकों के नेतृत्व में हुई एक रिसर्च, जो हाल ही में वैज्ञानिक जर्नल ''साईन्स'' में छपी है, में सैक्सुअल सलैक्शन अवधारणा को महत्व दिया गया है। वर्तमान जिराफ के एक प्राचीन सम्बंधी, 1.7 करोड़ साल पहले धरती पर विचरण करने वाले डिस्कॉकरिक्स ज़ायज़ी, का एक जीवाश्म मिला है, जिससे संकेत मिलता है कि लम्बी गर्दन ''मेटिंग वॉर'' जीतने में मदद करती होगी। साउथ अफ्रीका की युनिवर्सिटी ऑफ केप टाउन के बिहैवियरल इकॉलजिस्ट, रॉब सिमन्स, 1996 में सैक्सुअल सलैक्शन के पक्ष में तर्क दे चुके हैं। उस समय का प्रमुख स्पष्टीकरण था कि, लम्बी गर्दन से जिराफ को ऊंचे पेड़ों की पत्तियां खाने में सहायता मिली, जिससे वो पत्ती खाने वाले अन्य जानवरों से प्रतिस्पर्धा में आगे निकल गए और उनके सरवाइवल के अवसर बढ़ गए, इसलिए यह प्रवृति भावी पीढ़ियों में भी आ गई। नए शोध के मुख्य लेखक शी की वांग ने कहा, ''संभवतया गर्दन लम्बी होने का मुख्य कारक लड़ाई हो सकता है, क्योंकि नर लड़ाई में अपनी लम्बी गर्दन का इस्तेमाल करते हैं।'' डिस्कॉकरिक्स ज़ायज़ी के जीवाश्मों के मॉर्फोलॉजिकल परीक्षण में सामने आया है कि, इन जानवरों के सिर की हड्डी हैलमैट जैसी मोटी थी और ये अक्सर सिर से सिर टकराकर लड़ते थे। इन प्राचीन जिराफों में सैक्सुअल सलैक्शन के दबाव की वजह से लम्बी गर्दन और सिर पर हैलमैट जैसी हड्डी विकसित हुई। फील्ड ऑब्ज़र्वेशन भी बताते हैं कि, मादा लम्बी गर्दन वाले नर को पसंद करती हैं। वैसे इस नए सिद्धांत से सभी सहमत नहीं हैं। कुछ वैज्ञानिकों ने सवाल उठाया है कि, फिर मादा की गर्दन लम्बी क्यों होती है। नए शोध से भी जिराफ की लम्बी गर्दन के उद्विकास का मसला पूरी तरह शांत नहीं हुआ है, पर सैक्सुअल सलैक्शन में लम्बी गर्दन की भूमिका को नज़र अंदाज़ नहीं किया जा सकता।*

# भाजपा अभी अनिश्चय की स्थिति में झारखण्ड में

## भाजपा की दुविधा है, वह हेमन्त सोरेन की सरकार को गिराने में सक्रिय भूमिका रखे या सरकार को, उसमें मौजूद अन्तर विरोध के कारण स्वयं ही गिरने दे

-श्रीनंद झा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 25 अगस्त। झारखंड में हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली गठबंधन संकट में पड़ गई है क्योंकि चुनाव आयोग का मत है कि खनन केस में मुख्यमंत्री के खिलाफ "लाभ के पद" से संबंधित मामले में पर्याप्त प्रमाण है।

राज्य संवैधानिक संकट की ओर बढ़ रहा है। राज्यपाल रमेश बैस विधानसभा से सोरेन को अयोग्य ठहराने से पहले संवैधानिक विशेषज्ञों से सलाह ले रहे हैं।

सोरेन का इस्तीफा होना तय है और गठबंधन के तीनों दल झारखंड मुक्ति मोर्चा, कांग्रेस और राजद ने गुरूवार को विचार विमर्श किया और तीन विकल्पों पर चर्चा की। पहला यह कि सोरेन इस्तीफा दें और फिर से तुरंत मुख्यमंत्री पद की शपथ ले लें, विधानसभा की सदस्यता के बिना ही। दूसरा विकल्प है कि सोरेन की पत्नी कल्पना को मुख्यमंत्री बना दिया जाए। और तीसरा विकल्प है कि वे मध्यावधि चुनाव घोषित कर दें।

- **जैसा कि विदित ही है, ''ऑफिस ऑफ प्रॉफिट'' के आरोप में चुनाव आयोग ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सदस्यता भंग करने की सिफारिश की है, अतः मु.मंत्री सोरेन की सरकार में अस्थिरता की स्थिति है।**
- **विधानसभा में सोरेन की पार्टी के तीस विधायक हैं। भाजपा के 26 तथा सोरेन की सरकार को समर्थन देने वाली पार्टियों, जिनमें कांग्रेस भी शामिल है, के 23 विधायक हैं।**
- **भाजपा, कांग्रेस के 18 विधायकों में विभाजन भी करा सकती है।**
- **सोरेन के समक्ष अभी तीन विकल्प हैं या तो अपनी विधानसभा की सदस्यता त्याग कर छः महीने गैर सदस्य रहते हुए मु.मंत्री बने रहे, अथवा पत्नी कल्पना को मु.मंत्री बनवायें या मध्यावधि चुनाव करवायें।**

हालांकि इसी बीच झारखंड में "ऑपरेशन लोटस" की संभावना की भी चर्चा है पर भाजपा अभी तय नहीं कर पाई है कि उसे राज्य में सरकार बनाने की कोशिश करनी चाहिए या फिर सोरेन को पॉक्सी मुख्यमंत्री बनाने की अनुमति देकर यह इंतजार करना चाहिए कि गठबंधन सरकार अपने अन्तर्विरोधों से खुद ब खुद गिर जाए।

81 सदस्यीय राज्य विधानसभा में झारखंड मुक्ति मोर्चा के 30 विधायक हैं और भाजपा के 26 विधायक है। कांग्रेस के 18 ए.जे.एस.यू. के दो भाकपा माले, राजद और भाकपा का एक-एक सदस्य है। कैश स्कैम केस में झारखंड मुक्ति मोर्चा के तीन विधायकों को अयोग्य ठहराए जाने के बाद भी सोरेन की पार्टी के पास सहयोगी दलों की बदौलत पर्याप्त बहुमत है। दूसरी ओर भाजपा ज्यादा से ज्यादा 30 विधायकों का समर्थन जुटा सकती है कि जो कि पूर्ण बहुमत से 11 कम है। लेकिन पता चला है कि भाजपा के रणनीतिकार कांग्रेस विधायक दल में विभाजन कराने के लिए जोर-शोर से जुटे हुए हैं।

सोरेन के खिलाफ केस भाजपा नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री रघुबर दास की इस शिकायत पर दर्ज किया गया है कि जून 2021 में मुख्यमंत्री रहते हुए उन्होंने अपने नाम पर खनन लीज़ आवंटित करवाई थी। मुख्यमंत्री के भाई बसंत सोरेन के खिलाफ खनन लीज़ का मामला चुनाव आयोग में लंबित है। उनके पिता शिबु सोरेन के खिलाफ भी लोकपाल कोर्ट में आय से अधिक सम्पत्ति का मामला चल रहा है।

# 'प्रधानमंत्री की सुरक्षा में चूक हुई थी, पंजाब यात्रा के दौरान'

## सुप्रीम कोर्ट की पूर्व न्यायाधीश इन्दु मल्होत्रा ने प्रकरण की जांच करके फिरोज़पुर के सीनियर सुपरिन्टैंडेंट पुलिस को इस चूक के लिये जिम्मेवार ठहराया

-जाल खबांता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 25 अगस्त। सुप्रीम कोर्ट की पूर्व न्यायाधीश इन्दू मल्होत्रा की अध्यक्षता वाले पैनल ने फिरोजपुर के वरिष्ठ पुलिस उपअधीक्षक को प्रधानमंत्री मोदी की सुरक्षा में खामी का जिम्मेवार ठहराया है। कहा गया है, प्रधानमंत्री मोदी की 5 जनवरी की यात्रा के दौरान पर्याप्त फोर्स होने के बावजूद भी सुरक्षा व्यवस्था पर्याप्त नहीं की गई थी।

जस्टिस इंदू मल्होत्रा उस कमेटी की मुखिया थी जिसने 5 जनवरी की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पंजाब यात्रा के दौरान हुई सुरक्षा खामी की जांच की थी। इस दौरान प्रधानमंत्री का काफिला फिरोज़पुर जाते समय फ्लाइओवर पर फंस गया था। प्रधानमंत्री फिरोज़पुर एक जनसभा को संबोधित करने जा रहे थे। सुप्रीम कोर्ट ने सुरक्षा खामी के लिए 12 जनवरी को समिति गठित की थी।

- **रिपोर्ट में स्पष्ट लिखा है कि, हालांकि, एस.एस.पी. के पास पर्याप्त पुलिस फोर्स थी, तथा उन्हें प्रधानमंत्री की यात्रा से दो घण्टे पहले सूचना भेज दी गई थी, वे सुरक्षा प्रदान करने से चूक गये।**
- **जैसा कि, विदित ही है, प्र.मंत्री का काफिला, फ्लाई-ओवर पर बीस मिनिट तक असुरक्षित खड़ा रहा था, जब प्र.मंत्री फिरोज़पुर जा रहे थे, आम सभा को संबोधित करने।**
- **सुप्रीम कोर्ट यह रिपोर्ट सरकार को भेजेगा उचित कार्यवाही के लिये।**

चीफ जस्टिस एन.वी.रमना और जस्टिस सूर्यकान्त व हिमा कोहली की बैंच रिपोर्ट देख रही है, जिसमें कमेटी ने सुझाव दिया है कि प्रधानमंत्री की सुरक्षा की "ब्लू बुक" की नियमित अंतराल पर समीक्षा के लिए एक ओवरसाइट कमेटी बनाई जाए।

रिपोर्ट कहती है कि, फिरोज़पुर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कानून व्यवसाय बनाए रखने की ड्यूटी पूरी करने में असफल रहे। पर्याप्त फोर्स होने के बाद भी वे सुरक्षा व्यवस्था ही कर पाए जबकि उन्हें प्रधानमंत्री के उस मार्ग पर आने को दो घंटे पहले सूचना दे दी गई थी।

कोर्ट का कहना है कि वे यह रिपोर्ट केन्द्र सरकार की 5 सदस्यीय कमेटी के पास भेजेंगे जो इस पर उचित कार्यवाही करेगी। बैंच ने कहा कि रिपोर्ट में प्रधानमंत्री सुरक्षा के सम्बन्ध में आवश्यक सुधारों व उपायों के बारे में भी बताया गया हैं। इंदु मल्होत्रा के नेतृत्व वाली टीम नैशनल इन्वैस्टिगैटिंग एजेंसी के डी.जी.पी. या उनके प्रतिनिधि है, जो महानिरीक्षक के समकक्ष पद का हो, चड़ीगढ़ पुलिस के महानिदेशक, पंजाब पुलिस (सुरक्षा) के अतिरिक्त महानिदेशक और पंजाब, हरियाणा हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार!

सुप्रीम कोर्ट में वकीलों के एक संगठन "लॉयर्स वॉइस" ने याचिका दायर की थी तथा सुरक्षा खामियों की पृथक जांच की मांग के साथ यह मांग भी की थी कि भविष्य में ऐसा फिर न हो यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए।

## दूध पर संकट

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 25 अगस्त। भारत विश्व में दूध का सबसे बड़ा उत्पादक है और 8 करोड़ किसानों की बदौलत प्रति वर्ष 20 करोड़ टन दूध उत्पादित होता है, और अधिकांश दूध की खपत यहीं होती है। लेकिन न्यूयॉर्क टाइम्स की एक रिपोर्ट के अनुसार दुग्ध उत्पाद मुश्किल होता जा रहा है और इसकी खरीद और महंगी होती जा रही है, मुख्यत: जलवायु परिवर्तन की वजह से।

- **भारत विश्व का सबसे बड़ा दुग्ध उत्पादक है पर विशेषज्ञों का कहना है कि, क्लाइमेट चेंज की वजह से भारत के दुग्ध उत्पादन में 11 प्रतिशत तक कमी आ सकती है।**

वनस्पतियों को मुरझा देने वाली गर्मी इस वर्ष जल्दी पड़ गई और साधारण से अधिक समय तक रही। इसको लेकर वैज्ञानिकों ने माना कि

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'अडानी ग्रुप की प्रगति उन ऋणों पर टिकी है जो सरकारी बैंक उन्हें दे रहे हैं'

-जाल खबांता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 25 अगस्त। कांग्रेस ने गुरूवार को इस बात पर चिन्ता प्रकट की कि गौतम अडानी जैसे सरकार के कुछ मित्रों को जो ऋण उपलब्ध करवाए जा रहे हैं, उन्होंने देश को राष्ट्रीय ऋण दायित्वों के संदर्भ में सर्वाधिक चिन्तित स्थिति में ला दिया हैं।

पार्टी प्रवक्ता गौरव वल्लभ ने एक प्रैंस कांफ्रेंस में बताया कि यह एक गंभीर मसला है क्योंकि वर्ष 2022-23 के अन्त में केन्द्र सरकार पर आन्तरिक और बाह्य ऋणों के बकाया और दायित्वों करीब 152.17 लाख करोड़ थे, जबकि वर्ष 2013-14 में ये 55.9 लाख करोड़ ही थे। सामान्य शब्दों में प्रति व्यक्ति ऋण भार 43 हजार 124 से 1.09 लाख हो गया हैं।

उन्होंने अडानी ग्रुप की चौंकाने वाली ऋण स्थिति पर न्यूयॉक की क्रेडिट रिसर्च फर्म क्रेडिट साइट्स द्वारा हाल ही गई एक रिपोर्ट का हवाला दिया क्योंकि अडानी ग्रुप का कुल सकल ऋण करीब 2.3 ट्रिलियन (2 लाख, 30 हजार करोड़ रूपए है)। रिपोर्ट में टिप्पणी की गई है कि नए अथवा असम्बद्ध व्यवसायों, जिनमें पर्यावरण,

- **कांग्रेस के प्रवक्ता ने न्यूयॉर्क की क्रेडिट रिसर्च फर्म, की रिपोर्ट को आधार बनाकर आरोप लगाया कि, अडानी ग्रुप पर 2 लाख 30 हजार करोड़ रू. का ऋण है, अडानी परिवार ने नये प्रोजैक्ट लगाने में स्वयं का पैसा बहुत कम लगाया है और बैंक के उधार से ही नये-नये प्रोजैक्ट खरीदे हैं।**
- **अडानी ग्रुप ने अप्रेल 2020 से जून 2022 की अवधि में स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया से 48 हजार करोड़ रू. का ऋण प्राप्त किया। एक ही पार्टी को इतना बड़ा ऋण देना बैंक के लिये खतरे से खाली नहीं, क्योंकि, अगर यह पार्टी फेल हो गयी तो बैंक को डूबने से बचाना बहुत मुश्किल होगा।**
- **कांग्रेस का आरोप है, गौतम अडानी को इतनी बैंक सुविधाएं इसलिये मिलीं, क्योंकि वे प्र.मंत्री मोदी के मित्र हैं।**

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## तीन आतंकी मारे गये

श्रीनगर, 25 अगस्त (वार्ता)। जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में नियंत्रण रेखा के पास गुरुवार को सुरक्षाबलों के साथ हुई मुठभेड़ में कम से कम तीन सशस्त्र घुसपैठिये मारे गये।

- **सुरक्षाबलों ने एल.ओ.सी. पर आतंकियों को घुसपैठ करते देख इस ऑपरेशन को अंजाम दिया, सुरक्षाबलों ने अपनी चाकचौबंदी से पिछले चार दिनों में आतंकी घुसपैठ की तीन कोशिशों को नाकाम किया है।**

आधिकारिक सूत्रों आज यहां बताया कि सुरक्षाबलों ने घुसपैठ के प्रयास को विफल कर दिया है।

जवानों ने उरी सेक्टर के कमलकोट इलाके में सीमा के पास संदिग्ध हरकत देखी।

# सुप्रीम कोर्ट के प्रति आक्रामक रूख रखने वाले तमिलनाडू के वित्त मंत्री को पूर्व उप राष्ट्रपति नायडू का समर्थन मिला

## वित्त मंत्री पी.टी.आर. ने कहा था कि, यह सुप्रीम कोर्ट के अधिकार क्षेत्र में नहीं है कि, वह राज्य सरकारों को आदेश दे कि, राज्य सरकार अपना पैसा कैसे खर्च करें

-लक्ष्मण वैंकट कुची-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 25 अगस्त। तमिलनाडु के जाने माने और अपने विषय के विशेषज्ञ वित्त मंत्री पी. त्यागराजन जो तीखे बयानों के लिए चर्चित हैं, पर उनके विवादास्पद बयान पर इस चौतरफा हमले हो रहे हैं तथा सर्वोच्च न्यायालय ने भी उनके तीखे बयान पर तल्ख टिप्पणी है। गौरतलब बात यह है कि राजन की चौतरफा आलोचनाओं के बावजूद, पूर्व उपराष्ट्रपति एम. वैंकेया नायडू ने उन्हें शाबाशी दी है।

मदुरै के ये डी.एम. के. (द्रमुक) नेता, जो पी.टी.आर. नाम से प्रसिद्ध हैं, उस समय पूरे देश में चर्चा का विषय बन गये थे, जब उन्होंने राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं, जिन्हें "फ्रीबीज" कहा गया है, पर निर्देश देने के केन्द्र सरकार व सर्वोच्च न्यायालय के अधिकारों पर सवालिया निशान लगाया। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा फ्रीबीज के मुद्दे को हाथ में लेने के लिये, न्यायपालिका पर की गई पी.टी.आर. की टिप्पणियों पर सर्वोच्च न्यायालय ने आपत्ति दर्शाई थी तथा कहा था कि वह डी.एम.के. के बयानों को देख रहा है। न्यायालय ने कहा था कि ये बयान सही नहीं है।

- **पूर्व उप राष्ट्रपति नायडू ने भी पी.टी.आर. का समर्थन करते हुए जोड़ा कि, किसी भी कानून की व्याख्या करानी हो तो उसमें सुप्रीम कोर्ट की भूमिका होती है, पर राज्य सरकार की, क्या नीति हो और कितना पैसा किस स्कीम पर खर्च करना है, यह राज्य सरकार के दायरे की बात है।**
- **पी.टी.आर. ने तो केन्द्रीय सरकार पर और भी गंभीर कटाक्ष करते हुए कहा था कि, तमिलनाडू की सरकार राज्य की इकॉनमी को बेहतर मैनेज कर रही है, तथा कथित ''रेवड़ियां'' बांटने के बावजूद तमिलनाडू की ग्रोथ रेट, केन्द्रीय सरकार से बेहतर है, तमिलनाडू में महंगाई कम है, आदि, आदि, अतः केन्द्रीय सरकार का तमिलनाडू सरकार पर कटाक्ष करना उचित नहीं।**

तमिलनाडु के वित्त मंत्री, जो हर समय शोधपूर्ण जानकारी, विषय तथा आक्रामकता से लैस रहते हैं, के तेवर, स्वर तथा शब्द-चयन अप्रिय तथा अपमानजनक लग सकता है तथा कुछ लोग यह भी महसूस कर सकते हैं कि उनके बयानों से बौद्धिक अहंकार की गंध आती है। लेकिन जो आँकड़े उन्होंने प्रस्तुत किये, में ऐसे बाध्यकारी तर्क समाहित थे, जो उनके इस दावे का समर्थन कर रहे थे कि तमिलनाडु ने केन्द्र सरकार तथा कई राज्य सरकारों को अर्थव्यवस्था के प्रबंधन के मामले में पीछे छोड़ दिया है, इसलिये तमिलनाडु को ऐसी सीख और उपदेश की जरूरत नहीं है कि वह अपना काम कैसे करे।

अब, जो चीज पी.टी.आर. तथा इस समय पूरे देश में बढ़ते जा रहे उनके समर्थकों एवं प्रशंसकों के लिये एक

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## गेहूं का आटा

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 25 अगस्त। कैबिनेट कमेटी ऑन इकॉनॉमिक अफेयर्स (सी.सी.ई.ए.) ने गुरुवार को गेहूं के आटे के निर्यात पर रोक लगा दी क्योंकि मई के महीने में गेहूं के निर्यात पर पाबंदी लग जाने के बाद, बेईमान व्यापारियों ने गेहूं के आटे का निर्यात शुरु कर दिया था।

- **केन्द्र सरकार की कैबिनैट कमेटी ने गेहूं के आटे के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया है, क्योंकि गेहूं के निर्यात पर प्रतिबंध होने की वजह से व्यापारी गेहूं का आटा निर्यात करने लगे थे।**

अधिकारियों ने कहा कि इस कदम की जरुरत इसलिये पड़ी क्योंकि अन्तर्राष्ट्रीय बाजारों में गेहूं के आटे की माँग बढ़ने के कारण, देश में भी गेहूं के आटे की कीमतों में एकाएक उछाल आ

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## विचार बिन्दु

देश को आजादी दिलाने वालों की आत्मा क्या कहेगी? –अज्ञात

# विवाद है क्या विधायक पेंशन के अधिकारी हैं और चर्चा है राज्य सरकार पूर्व विधायकों के पुत्र व पुत्री को पेंशन देना चाहती है।

देशभर में यह विवाद उठाया जा रहा है कि क्या सांसद व विधायक पेंशन के अधिकारी हैं? जबसे Freebies के बाबत सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष बहस चल रही है, राजस्थान राज्य की सरकार पूर्व विधायकों के पुत्र पुत्री को पेंशन दिये जाने का मानस बना रही है, क्योंकि दिल्ली, मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ व अन्य की सरकारें पूर्व विधायकों के पुत्र व पुत्री को उनकी 25 वर्ष की आयु तक पेंशन दे रही है। इसका अर्थ है पूर्व विधायक व उसकी पत्नी की मौत होने पर उनके 25 वर्ष तक के आश्रित पुत्र अथवा पुत्री को पेंशन दी जानी चाहिये। अब तक जानकारी के अनुसार पुत्र व पुत्री को पेंशन लोकसभा, राज्य सभा तथा दिल्ली, छत्तीसगढ, मध्यप्रदेश, कर्नाटक, हिमाचल प्रदेश, गोवा व नागालैण्ड में इस प्रकार की पेंशन दी जा रही है। कुछ राज्यों में तो पुत्र व पुत्री के न होने पर माता व पिता को पेंशन दी जा रही है। पेंशन की यह व्यवस्था इस प्रकार है कि 5 वर्ष तक सदस्य रहने वाला सदस्य 35000/– रूपये प्रतिमाह पेंशन प्राप्त कर रहा है। 70 वर्ष आयु होने पर पेंशन 20 प्रतिशत व 80 वर्ष होने पर 30 प्रतिशत वृद्धि का अधिकारी है। पेंशन के अतिरिक्त उन्हें अन्य सुविधायें भी प्राप्त हैं जैसे 200 पास रेल, विमान से यात्रा के लिये एक लाख रूपये तक की सीमा तक किराया। वे सरकारी गेस्ट हाउस की सुविधा प्राप्त करने के अधिकारी होंगे। इसके अतिरिक्त भी अन्य कई प्रकार की सुविधा प्राप्त करने के वे अधिकारी हैं।

एक बार विधायक के बाद वह दुबारा भी चुनाव लड़कर विधायक हो सकता है तथा विधायक बनने से पूर्व जो कार्य पहले करता था वह पूर्ववत कर सकता है। आश्चर्य तो इस बात का है कि प्रत्येक टर्म की पेंशन वह प्राप्त करने का अधिकारी है। ये विधायक स्वयं अपनी पेंशन निर्धारित करते हैं और कानून बनाते हैं।

यहां लेने वाला व देने वाला एक ही है और कहावत भी है अंधा बांटे रेवडी, अपने को ही देय। Freebies द्वारा सरकारी सरकारी खजाने की लूट का यह मामला है।

पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने राजस्थान मंत्री वेतन संशोधन अधिनियम 2017 के द्वारा राजस्थान मंत्री वेतन अधिनियम 1956 में संशोधन किया और धारा 7 बीबी व 11(2) जोड़कर पूर्व मुख्यमंत्री को आजीवन सरकारी आवास व 10 व्यक्तियों का स्टाफ मय ड्राईवर देने की सुविधा प्रदान की उक्त संशोधन अधिनियम 2017 की वैधानिकता को राज्य के वरिष्ठ पत्रकार मिलापचंद डंडिया ने एक पीआईएल में चुनौती दी। राजस्थान उच्च न्यायालय में अधिनियम 2017 की दोनों धाराओं यानी 7 बीबी व 11(2) को दिनांक 4.9.2019 के आदेश से असंवैधानिक घोषित किया। इसे स्टेट द्वारा एसएलपी में सर्वोच्च न्यायालय में चुनौदी दी; किन्तु माननीय सुप्रीम कोर्ट ने उसे Admission स्टेज पर ही दिनांक 6.1.2020 के आदेश से खारिज कर दिया। राजस्थान उच्च न्यायालय के निर्णय का सार था कि सरकारी सम्पत्ति को मनमाने तरीके से लुटाया जाना स्वीकार नहीं किया जा सकता।

संविधान के अनुसार कोई भी कानून संविधान के किसी अनुच्छेद में दी गई शक्ति के आधार पर और संविधान की अनुसूची केन्द्र अथवा राज्य अथवा समवर्ती सूची 3 के अनुसार ही बनाया जाता है। संघ सूची 1 की एन्ट्री 73 में केन्द्र को सांसदों के वेतन व भत्तों के संबंध में कानून बनाने का अधिकार है और राज्य सूची 2 की एन्ट्री 38 के अनुसार विधायकों के वेतन व भत्तों के हेतु कानून बनाने का अधिकार है। अनुच्छेद 106 संसद को तथा अनुच्छेद 195 विधानसभा को वेतन व भत्तों के हेतु कानून बनाने का अधिकार देता है। इन दोनों प्रावधानों में केवल वेतन व भत्ते का प्रावधान है किन्तु पेंशन का कोई उल्लेख नहीं है। केन्द्र व राज्य के कानून में संशोधन कर पेंशन देने का प्रावधान बनाया गया। राज्य को मंत्रियों के वेतन व भत्ते का अधिनियम 1956 है इसके पेंशन का कोई प्रावधान नहीं है। पेंशन का प्रावधान एक्ट नं. 17/2015 व संशोधन एक्ट 26/2017 से धारा 4क के रूप में जोड़ा गया। वर्तमान में राजस्थान विधान सभा (अधिकारियों और सदस्यों की परिलब्धियां एवं पेंशन अधिनियम 1956 व राजस्थान विधान सभा सदस्य पेंशन नियम, 1977 के अनुसार पेंशन दी जाती है। वस्तुत: उक्त पेंशन अधिनियम 1956 का सही शीर्षक है राजस्थान विधान सभा (अधिकारियों और सदस्यों की परिलब्धियां और पेंशन) संशोधन अधिनियम 1956 है। इसके अनुसार 1 अप्रेल 2019 से ऐसे प्रत्येक व्यक्ति को जो विधानसभा सदस्य के रूप में निरन्तर अन्यथा 5 वर्ष तक की अवधि के लिय रहा हो उसे पैंतीस हजार रूपये (रू. 35000/–) की पेंशन मिलेगी। पांच वर्ष की कालावधि से अधिक निरन्तर या अन्यथा प्रत्येक वर्ष व उसके भाग के लिये 1600/– रूपये की अतिरिक्त पेंशन मिलेगी। यहां यह लिखना समीचीन होगा कि सांसदों को दी जाने वाली पेंशन की स्थिति और राजस्थान के विधायकों को दी जाने वाली पेंशन में काफी अन्तर है। राजस्थान के कर्मचारियों पर राजस्थान सिविल सेवा (पेंशन) नियम 1996 लागू होते हैं। विधायक सरकार के कर्मचारी नहीं हैं।

पेंशन का सिद्धान्त है कि सर्विस का पीरियड समाप्त होने पर ऐसी व्यवस्था हो कि रिटायरमेंट के बाद उसे एक ऐसी राशि मिल सके जिससे वह गरिमा के साथ जीवन जी सके। पेंशन सोशल सिक्यूरिटी है। सांसद व विधायक सरकारी नौकर नहीं हैं। विधायकों को पेंशन मिले यह कहीं भी संविधान में उल्लेखित नहीं है। विधायक पुन: चुनाव लड सकता है, फिर पेंशन का क्या प्रश्न? सरकारी नौकर तो सर्विस लॉ के अनुसार Status का प्रश्न है। माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय ने अपने निर्णय दिनांक 4.9.2019, मिलापचंद डंडिया बनाम राजस्थान राज्य व अन्य के केस में स्पष्ट कर दिया है कि विधायकों को पेंशन दिया जाना वैधानिक नहीं है। संविधान प्रत्येक नौकरी पेशा व्यक्ति को पेंशन देने की बात नहीं करता। वेतन व अलाउन्स दोनों अलग–2 शब्द हैं, अलग अर्थ रखते हैं, इनका पेंशन से कोई मतलब नहीं है। यदि विधायकों को पेंशन दी जाती है तो फिर पंचायत के पंच, सरपंचों, नगरपालिका के पार्षदों को पेंशन क्यों नहीं?

> **वस्तुस्थिति यह है कि जब राजस्थान विधानसभा (अधिकारियों और सदस्यों की परिलब्धियों एवं पेंशन) अधिनियम, 1956 तथा राजस्थान विधानसभा सदस्य पेंशन नियम, 1977 के तहत् पेंशन दिया जाना ही असंवैधानिक है तो फिर उक्त नई सुविधायें देना भी सर्वथा अवैध व असंवैधानिक है।**

विधायकों को प्रत्येक पांच साल के टर्म की समाप्ति पर यदि वह उस पोस्ट पर पुन: चुनाव लड़ता है और जीतता है तो वह प्रत्येक टर्म की पेंशन प्राप्त करता है। यों भी टर्म एम्प्लायमेंट में पेंशन क्यों? स्थायी कर्मचारी ही पेंशन प्राप्त करने का अधिकारी है।

मिलापचंद डंडिया बनाम स्टेट ऑफ राजस्थान के केस में राजस्थान मंत्री वेतन संशोधन अधिनियम की वैधानिकता को चुनौती दी थी; किन्तु पेंशन के प्रावधानों को चुनौती नहीं दी थी तथा चुनौती देने के अधिकार को सुरक्षित रखा था। अब पेंशन की वैधानिकता पर प्रश्न उठाया गया है। यहां यह भी उचित व समीचीन होगा कि सुप्रीम कोर्ट ने कॉमन कॉज ए रजिस्टर्ड सोसाइटी बनाम यूनियमन ऑफ इण्डिया 2002 (1) एससीसी 88 में संसद सदस्यों को पेंशन का अधिकार माना है। यह निर्णय वास्तव में निर्णय की परिभाषा में नहीं आता; क्योंकि पेंशन क्यों दी जावे इस पर कोई चर्चा नहीं है, बहस नहीं है। माननीय सुप्रीम कोर्ट ने केवल एटोर्नी जनरल के कथन पर कि, "उन्हें पेंशन दिये जाने पर कोई आपत्ति नहीं है" पेंशन देना माना है। यह मामला एम्प्लॉयर एम्प्लोई का नहीं है। जैसा ऊपर कहा है कि सांसदों व विधायकों को पेंशन देने के बाबत संविधान में कोई प्रावधान नहीं है। राज्य की लिस्ट में केवल वेतन व एलाउन्स पर कानून बनाने का अधिकार है।

उपरोक्त विवेचन से स्पष्ट होगा कि विधायकों को पेंशन देना तथा प्रत्येक टर्म की पेंशन देना निम्नलिखित कारणों से अवैध, अनाधिकृत, अमान्य व संविधान के विरूद्ध है:–

1) पेंशन जिसे विधायकों को देना कहा जाता है उसके संबंध में राज्य की अनुसूची में कोई प्रावधान नहीं है और न यह अनुच्छेद 195 से ही शक्ति ग्रहण करता है।

2) पेंशन का अर्थ है रिटायर्मेन्ट के बाद खर्चे की व्यवस्था के हेतु Social Security के लिये एम्प्लॉयर द्वारा प्रतिमाह रकम खर्चो के हेतु अदा करना। विधायकों के हेतु ये निर्विवाद है कि वे सरकारी नौकर नहीं है अपितु उनका पद संवैधानिक है। विधायक का चुनाव होता है और वह भी नियत समय के लिये, यह नौकारी नहीं है। विधायक जनता के प्रतिनिधि हैं।

3) पेंशन न तो वेतन है और न अलाउन्स। पेंशन नियम, 1977 के रूल 6 के अनुसार मृत्यु हो जाने के बाद पेंशन बंद होगी, ऐसा प्रावधान है।

4) पेंशन का कानून विधायकों ने ही अपने लिये बनाया है और इस प्रकार न्याय के सामान्य सिद्धान्तों के विरुद्ध है। यहां कानून बनाने वाला और उसका लाभार्थी एक ही है।

5) संविधान के अनुच्छेद 195 में विधायकों के वेतन व भत्ते के संबंध में कानून बनाने का अधिकार है और संसद को सांसदों के हेतु यह अधिकार अनुच्छेद 106 में है; किन्तु पेंशन के लिये कोई प्रावधान नहीं है, अत: पेंशन जो विधायकों को दी जा रही है वह असंवैधानिक है। विधायकों को दी जाने वाली पेंशन की साधारण परिभाषा में नहीं आती। पेंशन के पेमेन्ट के लिये कोई मापदण्ड नहीं है, यह Arbitrary पेमेन्ट है, स्वयं विधायकों द्वारा उनकी मर्जी से इसे बढ़ाया जाता है जो विवेकहीन क्रिया है।

फ्रीबीज में सरकारी सम्पत्ति को लुटाया जा रहा है और पेंशन की व्यवस्था में भी राज का खजाना लुटाया जाता है। विधायकों को प्रत्येक टर्म की अलग–2 पेंशन दी जाती है। यहां निम्नलिखित उदाहरण द्वारा यह बताने का प्रमाण दिया जा रहा है कि किस प्रकार पेंशन के नाम पर राज्य का कैसे खजाना लुटाया जा रहा है:–

1) पूर्व विधायकों को पेंशन पर खर्च होने वाली रकम 25 करोड़ 95 लाख 47 हजार 400 रूपये प्रतिमास है। प्रत्येक वर्ष यह रकम बढ़ती रहती है।

2) कुल 508 पूर्व विधायकों को जो न्यूनतम पेंशन रू. 35000/– दी जाती है वह प्रतिमास रू. 177800000/– है।

3) 8 पूर्व विधायकों 1 लाख रूपये प्रतिमाह से अधिक प्रतिमाह पेंशन प्राप्त कर रहे हैं।

4) 104 पूर्व विधायकों की पेंशन 50000/–रूपये प्रतिमाह से अधिक है।

5) उपरोक्त विवरण सूचना का अधिकार 2005 के तहत् राज्य लोक सूचना अधिकारी द्वारा वरिष्ठ पत्रकार श्री मिलापचंद डंडिया को दिनांक 4 जुलाई 2022 के पत्र से भेजी गई सूचना के आधार पर है, किन्तु उसमें कुछ नाम छोड दिये हैं। वे नाम हैं श्री अशोक गहलोत, नरपतसिंह राजवी, माननीया वसुन्धरा राजे, श्री गुलाबचंद कटारिया व श्री राजेन्द्र सिंह।

6) एक से अधिक बार (टर्म) रहे पूर्व विधायकों की सूची एवं उनके सदस्यता अवधि इस प्रकार है:–

| सदस्य का नाम | पेंशन | सदस्यता वर्षों में | : वर्धित पेंशन |
|---|---|---|---|
| श्री जगत सिंह | Rs.43000 + Rs. 12900 = Rs. 55900/- | 10 | 30 प्रतिशत |
| श्री जसराज जयपाल | Rs.35000 + Rs. 10500 = Rs. 45500/- | 5 | 30 प्रतिशत |
| डा. राजकुमार जयपाल | Rs.35000 | 5 | – |
| श्री राम नारायण | Rs.35000 + Rs. 7000 = Rs. 42000/- | 5 | 20 प्रतिशत |
| श्री विशन सोनगरा | Rs.43000 + Rs. 86000 = Rs. 51600/- | 10 | 20 प्रतिशत |
| श्री हरीश झामनानी | Rs.35000 + Rs. 7000 = Rs. 42000/- | 5 | 20 प्रतिशत |

7) राजस्थान पेंशन अधिनियम 1956 में पेंशन के अतिरिक्त विधायकों को निर्वाचन क्षेत्र भत्ता, कौटुम्बिक पेंशन व वर्धित पेंशन तथा कई सुविधायें ऐसी हैं जिन्हें वेतन मानकर पेंशन दी जा रही है, जैसे आश्रित बच्चों पर चिकित्सीय उपचार का खर्चा तथा नि:शुल्क अन्तर्राष्ट्रीय पास आदि।

इन सुविधाओं के तथा पेंशन देने के अतिरिक्त अब पूर्व विधयकों और उनकी पत्नी की मौत के बाद उनके 25 वर्ष के आश्रित पुत्र व पुत्री को पेंशन प्राप्त होगी। यदि पूर्व विधायक के कोई पुत्र या पुत्री नहीं है तो माता पिता को पेंशन दी जावेगी। वस्तुस्थिति यह है कि जब राजस्थान विधानसभा (अधिकारियों और सदस्यों की परिलब्धियों एवं पेंशन) अधिनियम, 1956 तथा राजस्थान विधानसभा सदस्य पेंशन नियम, 1977 के तहत् पेंशन दिया जाना ही असंवैधानिक है तो फिर उक्त नई सुविधायें देना भी सर्वथा अवैध व असंवैधानिक है।

**–अतिथि सम्पादक,**
**पानाचन्द जैन**
**पूर्व न्यायाधीश, राजस्थान हाई कोर्ट**

# जीवन में शारीरिक व मानसिक मजबूती के लिए खेलना बहुत जरूरी है : मीनाक्षी चौधरी



उद्घाटन कार्यक्रम में अतिरिक्त न्यायिक मजिस्ट्रेट मीनाक्षी चौधरी, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी जवाजा राजेंद्र प्रसाद जोशी, अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी संतोष सिंह चौहान ने शिरकत की।

■ सभी प्रतिभागियों को शपथ दिलाकर खेल शुभारंभ की घोषणा की

**ब्यावर,** (निसं)। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता 2022 का उद्घाटन अतिरिक्त न्यायिक मजिस्ट्रेट एवं सिविल न्यायाधीश संख्या 3 मीनाक्षी चौधरी के मुख्य आतिथ्य, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी जवाजा राजेंद्र प्रसाद जोशी की अध्यक्षता एवं अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी संतोष सिंह चैहान के विशिष्ट आतिथ्य में किया गया।

राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक राजकीय राजियावास में बालिका वर्ग तथा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय नरबदखेडा में बालक वर्ग की प्रतियोगिताओं का शुभारंभ हुआ। मुख्य अतिथि मीनाक्षी चौधरी द्वारा खेलकूद में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को शपथ दिलाकर खेल शुभारंभ की घोषणा की गई। उन्होंने खेलों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए अपने जीवन में शारीरिक व मानसिक मजबूती के लिए खेलना बहुत ही जरूरी बताया। कार्यक्रम को मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी ने कहा कि स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क निवास करता है, अत:स्वस्थ शरीर के लिए खेलना आवश्यक है।

सीबीईओ राजेन्द्र प्रसाद जोशी ने बताया कि खेलकूद प्रतियोगिता में बालिका वर्ग के अन्तर्गत ब्लॉक जवाजा की कुल 56 टीमें भाग ले रही हैं। प्रतियोगिता में कबड्डी, फुटबाल, वॉलीबाल, टेबल टेनिस, बेडमिन्टन, बास्केट बाल, 100 मीटर दौड, 200 मीटर दौड, 400 मीटर दौड, ऊंची कूद व लम्बी कूद आदि खेल आयोजित होंगे। कार्यक्रम का संचालन रघुवीर सिंह और संयोजन पीईईओ नेमीचंद यादव ने किया। उन्होंने बताया कि इसी प्रकार बालक वर्ग में 23 विद्यालयों के 297 प्रतिभागी नरबदखेडा में भाग ले रहे है। यहां की प्रतियोगिताओं के संयोजक प्रकाश चंद प्रजापति है। राजियावास में प्रतियोगिता प्रथम दिवस के परिणाम इस प्रकार रहे।

राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय राजियावास ने फुटबॉल, बास्केटबॉल, वॉलीबाल में प्रथम स्थान स्थान प्राप्त किया। टेबल टेनिस में बाल मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय ब्यावर प्रथम रही तथा बैडमिंटन में मंगल न्यूटन स्कूल प्रथम रहे, द्वितीय दिवस कबड्डी के सेमीफाइनल व फाइनल मुकाबले होंगे तथा दौड, लंबीकूद, ऊंची कूद की प्रतियोगिता होगी। कार्यक्रमों में प्रधानाचार्य महेश कुमार,रेनू चौधरी, गजेंद्र तुनगारिया, तारा सिंह चौहान, पूरण चन्द, संजय सिंह गहलोत, खेल प्रशिक्षक एवं निर्णायक कोमल सिंह चैहान, प्रभु सिंह चौहान, रतन सिंह चौहान, नफीसा भारती, रूप कला शर्मा, कुंभनाथ, विनोद सिंह, गोपाल नारायण प्रजापति, नरेश कुमार, प्रमोद राय, राजेश परिहार, उमा खान सबाबत, किरण वैष्णव, गायत्री, हंसा गुर्जर, सुमन, ममता यादव, आरती सखनानी, मधुबाला गुप्ता, हरी प्रकाश सिंह चौहान, खुमान राम, मनोहर कुमार, निर्मला सिंघारिया एवं बसंत कुमार आदि उपस्थित थे।

## फसलें खराब होने पर अनुदान की राशि दिलाने की मांग

**सरवाड़,** (निसं)। भारतीय किसान संघ तहसील कार्यकारिणी की बैठक कृषि उपज मंडी सरवाड़ में तहसील अध्यक्ष लक्ष्मण खारोल की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में प्रांत सहकारिता प्रमुख राजेंद्र कुमार शर्मा अजमेर संभाग बीज प्रमुख गौ सेवा प्रमुख रामदेव शर्मा जिला सह मंत्री रामेश्वर गौड़ ने भाग लिया।

बैठक में किसानों की समस्याओं पर विचार–विमर्श किया गया वही कलेक्टर के नाम व तहसीलदार प्रशासन को ज्ञापन दिया गया। इस दौरान ज्ञापन में खरीफ फसल 2022 अधिक वर्षा से मूंग उड़द ज्वार आदि फसलें 70 से 80 प्रतिशत तक खराब हो गई है इसकी वास्तविक गिरदावरी करवा कर किसानों को भारत सरकार की गाइड लाइन के अनुसार आदान अनुदान की राशि दिलाने की मांग की साथ ही प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत किसानों की फसल बीमा क्लेम दर्ज करवाया गया जिसमें किसान की फसल खराब हुई है खेत के खसरा नंबर के अनुसार बीमा क्लेम दिलाने की मांग की गई।

इस वर्ष गायों में लम्पी स्किन की बीमारी से अधिकांश गायों की मौत हो रही है इसकी प्रभावी रोकथाम प्रशासन की तरफ से की जाए एवं मृत गायों को जमीन में दफनाने के लिए ग्राम पंचायत एवं नगर पालिका प्रशासन को पाबंद कराए जिससे ताकि बीमारी महामारी का रूप नहीं ले सके।

राज्य सरकार से मांग की गई कि बीमारी से मरने वाली गायों का सर्वे करा कर पशुपालन को मुआवजा दिलाया जाए। इस दौरान शिव लाल धाकड़, हनुमान कुमावत जाट, सूर्यनारायण सिंह, जगदीश धाकड़ व रामधन धाकड़ आदि किसान मौजूद रहे।

## फरार महिला शराब तस्कर गिरफ्तार

**अजमेर,** (कासं)। जिला आबकारी विभाग के द्वारा अवैध शराब के निर्माण और बेचान के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत राजस्थान आबकारी अधिनियम 1950 की धारा 19 /54 के तहत लंबे समय से फरार चल रही शराब तस्कर महिला को गिरफ्तार किया गया है।

आबकारी निरीक्षक गुरनाम सिंह ने बताया कि पकड़ी गई शराब तस्कर महिला सांसी बस्ती भगवान गंज की रहने वाली पुष्पा पत्नी श्यामलाल है। जिसके खिलाफ अवैध रूप से देशी शराब बेचने के आरोप में वर्ष 2021 में अभियोग दर्ज किया गया था। आरोपी महिला तब से फरार चल रही थी जिसे गुरुवार को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया गया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

## दो दिवसीय ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिताओं का शुभारंभ

**अजमेर,** (कासं)। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के तत्वाधान व राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अजमेर द्वारा गुरुवार को अजमेर जिले के सभी ब्लॉक में दो दिवसीय ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिताओं का शुभारम्भ हुआ।

राजकीय जवाहर उच्च माध्यमिक विद्यालय अजमेर में गुरुवार को ब्लॉक स्तरीय वर्ष 2022 खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश) सचिव रामपाल जाट ने 400 मीटर दौड में प्रतियोगी छात्रों का मनोबल बढ़ाते हुए और हरी झण्डी दिखाकर किया। कार्यक्रम में अतिरिक्त मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी वीणा अग्रावत, अतिरिक्त निदेशक भागचन्द मंडावरीया, खेलकूद प्रभारी सुनिल धाबाई, राजकीय जवाहर स्कूल अजमेर के प्रधानाचार्य सोहन वीरसिंह तोमर, बलराज सिंह चौहान वरिष्ठ शारिरीक शिक्षक राजकीय जवाहर स्कूल व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से रजत कुमावत व लोकेश जसवाल भी उपस्थित रहे। राजकीय जवाहर उच्च माध्यमिक विद्यालय में आयोजित होने वाली दो दिवसीय ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता में लगभग 15 स्कूलों से 35 टीमों ने भाग लिया जिनके मध्य 100, 200 व 400 मीटर दौड, ऊंची कूद, लम्बी कूद, टेबल–टेनिस, बैडमिन्टन, कबड्डी, फुटबॉल, वॉलीबाल, बास्केटबॉल जैसे खेलों का आयोजन करवाया जा रहा है।

सचिव रामपाल जाट ने प्रतियोगिता में उपस्थित छात्रा–छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि कानून की जानकारी हर किसी को होना बहुत ही आवश्यक है, परन्तु कानूनी जानकारी हर किसी को होना संभव नहीं होती है।

## सरपंच संघ ने ज्ञापन सौंपा

**आसींद,** (निसं)। पंचायत समिति परिसर आसींद में गुरुवार को सरपंच संघ द्वारा सरकार के लिखित समझौते वादाखिलाफी एवं मांग पत्र पर राज्य सरकार का आदेश जारी नहीं करने से नाराज सरपंच संघ द्वारा सरकार के खिलाफ राजस्थान सरपंच संघ के बैनर तले पंचायत समिति परिसर आसींद में सरपंच संघ के द्वारा विकास अधिकारी पंचायत समिति आसींद को राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री राजस्थान सरकार के नाम ज्ञापन दिया गया। इसमें सरपंच संघ की लिखित मांगों को मानने का उलेख किया गया तथा मौके पर उपस्थित सरपंच व सरपंच प्रतिनिधि पानी देवी निंबाराम गुर्जर, दडावट हंसराज जाट, पालडी प्रभु लाल गुर्जर, रतनपुरा लादू लाल बलाई, दांतड़ा अविनाश शर्मा, ब्राह्मणों की सरेरी एवं अन्य ग्राम पंचायत सरपंच प्रतिनिधि मौके पर उपस्थित थे।

## मार्बल व्यापारी से लूट

**मकराना,** (निसं)। मार्बल व्यापारी के साथ मारपीट कर कार में से पैसे लूटने का मामला सामने आया है। मार्बल व्यापारी डरा व सहमा हुआ है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। इस मामले की जांच जगदीश प्रसाद सउनि थानाप्रभारी मकराना कर रहे हैं।

# अशोक बिंदल श्री अजमेर सर्राफा संघ के अध्यक्ष



श्री अजमेर सर्राफ संघ के 3 वर्षीय चुनाव में अशोक बिंदल चतुर्थ बार निर्विरोध अध्यक्ष चुने गए।

■ सुशील वर्मा सचिव चुने गए

**अजमेर,** (कासं)। श्री अजमेर सर्राफ संघ के 3 वर्षीय चुनाव में अशोक बिंदल चतुर्थ बार निर्विरोध अध्यक्ष चुने गए। वरिष्ठ उपाध्यक्ष अशोक तोषनीवाल और आंतरिक आय–व्यय निरीक्षक अतुल मालू भी निर्विरोध निर्वाचित हुए।

सचिव पद पर सुशील वर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजय कोठारी सहसचिव अनिल गदिया कार्यालय और काँटा व्यवस्थापक भागचंद जैन, कोषाध्यक्ष दिलीप कोठारी, कार्यकारिणी सदस्य में सतीश गोलेछा, राजकुमार ललवाणी, आशीष गदिया, अक्षय बिंदल, भरत केसवानी, नवनीत गोयल, अमित भारद्वाज, चंद्रशेखर माहेश्वरा, नरेंद्र कुमार डीडवानिया, पंकज कंदोई चुने गए। सुशील वर्मा लगातार चतुर्थ बार सचिव नियुक्त हुए। कोरोना काल में जरूरतमंद लोगों तक भोजन व खाद्य सामग्री पहुंचाने में भी सर्राफा संघ अध्यक्ष अशोक बिंदल का महत्वपूर्ण सहयोग रहा।

## मलबे में तब्दील सड़कों को ठीक कराने की मांग

**मदनगंज-किशनगढ,** (निसं)। परशुराम सेना ने उपखंड अधिकारी प्रतिनिधि को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौपकर शहरी क्षेत्र की मलबे में तब्दील हो चुकी सडकों को दुरस्त करने की मांग की है।

सेना संयोजक एवं एडवोकेट रूपेश शर्मा ने जरिये ज्ञापन अवगत कराया की देकर परासिया से आर के पाटनी रोडवेज बस स्टैंड, पुरानी मिल चौराहे से सरवाडी गेट होते हुए नसीराबाद हाइवे तक, रेलवे स्टेशन रोड, ऊंटडा रोड सहित वार्डो में मुख्य सडक जर्जर हालात में पहुंच चुकी है।

सडक टूटने से जगह–जगह गहरे गड्ढे होने से आमजन को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड रहा है साथ ही दुर्घटना का अंदेशा बना हुआ है। ऐसी विकट परिस्थितियों में नई सडक बनाने के बजाय फिलहाल अस्थाई रूप से पेचवर्क कराने से भी बडी राहत मिल सकती है। मौसम ठीक होने के बाद नई सडक का निर्माण कार्य शुरू कराने से लोगों के लिये सौगात होगी। एडवोकेट रुपेश शर्मा ने शीघ्र ही कार्यवाही की मांग की है ताकि वाहन चालकों को समस्या से निजात मिल सके।

## राशिफल शुक्रवार 26 अगस्त, 2022



पंडित अनिल शर्मा

भाद्रपद मास, कृष्ण पक्ष, चतुर्दशी तिथि, शुक्रवार, विक्रम संवत 2079, आश्लेषा नक्षत्र सांय 6:33 तक, परिद्य योग रात्रि 2:10 तक, शकुनि करण दिन 12:25 तक, चन्द्रमा सांय 6:33 से सिंह राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य–सिंह, चन्द्रमा–कर्क, मंगल–वृष, बुध–कन्या, गुरू–मीन, शुक्र–कर्क, शनि–मकर, राहु–मेष, केतु–तुला राशि में।

आज जीवंतिका पूजन, पिठोरी अमावस्या, जैन वृषभोत्सव है।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** चर सूर्योदय से 7:42 तक, लाभ–अमृत 7:42 से 10:53 तक, शुभ 12:29 से 2:04 तक, चर 5:15 से सूर्यास्त तक।

**राहूकाल:** 10:30 से 12:00 तक। सूर्योदय 6:07, सूर्यास्त 6:50

### मेष
घर–परिवार में सुख–सुविधाएं बढ़ेगी। परिवार में प्रसन्नता–हर्षोल्लास का माहौल रहेगा। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता यथावत बनी रहेगी। चलते कार्यों में प्रगति होगी। धार्मिक कार्यों पर धन खर्च हो सकता है।

### वृष
परिवार में शुभ और मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। परिवार में महत्वपूर्ण कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे।

### मिथुन
आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। चलते कार्यों में प्रगति होगी। व्यावसायिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। नौकरीपेशा व्यक्तियों का प्रभाव–प्रभुत्व बढ़ेगा।

### कर्क
मन:स्थिति ठीक रहेगी। मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। आवश्यक और महत्वपूर्ण कार्य योजनानुसार बनने लगेंगे। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। शुभ कार्य के लिए बाहर जाने का कार्यक्रम बन सकता है।

### सिंह
घर–गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि होगी। पारिवारिक व्यावसायिक कार्यों के लिए बाहर जाना पड़ सकता है। समय अनर्गल कार्यों में खराब हो सकता है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

### कन्या
आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों पर नियंत्रण बना रहेगा। परिवार में धार्मिक–सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं।

### तुला
व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। अटके हुए कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। चलते कार्यों में प्रगति होगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

### वृश्चिक
नवीन कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। परिवार में मनोरंजन के कार्यक्रम बन सकते हैं।

### धनु
अपनी योजना को सीमित रखें। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। बनते कार्य बिगड़ने का भय बना रहेगा। शुभ कार्यों में व्यवधान सामने आ सकते हैं। यात्रा टालना ठीक रहेगा।

### मकर
परिवार में आपसी सहयोग–समन्वय बना रहेगा। परिवार में धार्मिक–मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी। खान–पान के कारण स्वास्थ्य खराब हो सकता है।

### कुंभ
व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। चलते कार्यों में प्रगति होगी। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन हो सकता है। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। अस्त–व्यस्त कार्य व्यवस्थित होने लगेंगे।


### मीन
व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्यों में उचित सफलता मिल सकती है। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन हो सकता है। परिवार में सुख–शांति बनी रहेगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

# घर में घुसकर युवक ने मां-बेटे की कुल्हाडी से की हत्या

## लसाडिया क्षेत्र के टटाकिया गांव की घटना, पडोसी ने घर में घूसकर किया हमला

**भीण्डर,** (निसं)। उदयपुर जिले के लसाडिया क्षेत्र के टटाकिया गांव में एक पडोसी ने मां-बेटे की कुल्हाडी मारकर हत्या कर दी। ये घटना गुरूवार अलसुबह की हैं जब पडोसी घर में घुसकर कुल्हाडी से दोनों पर जानलेवा हमला किया। हत्या के पीछे कारण स्पष्ट नहीं हो सके, लेकिन हत्या का आरोपी सनकी प्रवृति का बताया जा रहा है।

पुलिस के अनुसार टटाकिया गांव निवासी केसरी बाई मीणा (8०) और उसका पुत्र लोगरलाल (56) अपने घर में सो रहे थे। जिसमें केसरी बाई घर के आंगन में सो रही थी तो लोगरलाल कमरे में सो रहा था। अलसुबह 6 बजे पडोसी टटाकिया गांव निवासी मेघराज मीणा (22) घर मे घुस गया। उसने कुल्हाडी से केसरी बाई पर जानलेवा हमला कर दिया। नींद में केसरी बाई पर हुए हमले से बचने का मौका नहीं मिला और जोर से चिल्लाई, जिसकी आवाज सुनकर बेटा लोगर लाल आंगन में आया और बीच बचाव किया। इस दौरान आरोपी ने लोगर के सिर व गले पर वार उसे मौत के घाट उतार दिया।



उदयपुर जिले के लसाडिया के टटाकिया गांव में मां-बेटे की हत्या के बाद जांच की करती टीम।

सूचना पर मौके पर पहुंची लसाडिया पुलिस ने दोनों शव को लसाडिया चिकित्सालय पहुंचाया। एएसपी मुकेश सांखला, सलूम्बर डीएसपी सुधा पालावत और फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। पुलिस अधिकारियों ने मृतकों के परिजनों से बात की। वहीं पुलिस ने आरोपी मेघराज मीणा के तलाश में टीम गठित कर

■ **नींद में केसरी बाई पर हुए हमले से बचने का मौका नहीं मिल पाया**

तलाशी शुरू कर दी। जिस पर सफलता मिलते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर दिया। थानाधिकारी विजेंद्र सिंह ने बताया कि हत्या के कारणों का पता जांच में चलेगा। शवों के पोस्टमार्टम करवा कर परिजनों को सुपुर्द कर अंतिम संस्कार करवाया। मृतक लोगर लाल के तीन बेटे और एक बेटी है। वहीं वृद्धा केसरी के चार बेटे और 3 बेटियां है। क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों ने परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर होने से परिवार को आर्थिक सहायता देने की मांग की। इस दौरान टटाकिया सरपंच सुन्दर देवी मीणा, चंदा जी का गुडा सरपंच विरम लाल मीणा, पंचायत समिति सदस्य रामलाल मीणा, टटाकिया पुर्व सरपंच बाबु लाल मीणा सहित सैकडों ग्रामीण मौजूद थे।

# खान के मलबे में दबने से दो की मौत

## चावंडिया मार्ग पर स्थित ब्राउन खान का रास्ता मार्बल खदान में गिरा



मार्बल खदान में गिरा मलबा जिसमें मजदूर दब गए।

**मकराना,** (निसं)। मकराना में चावंडिया मार्ग पर स्थित ब्राउन खान का रास्ता मार्बल खदान में गिरा। रास्ते से गुजर रहे ट्रैक्टर-ट्रॉली सहित चालक व चालक का सहायक मजदूर भी खदान में मलबे के साथ गिर गए। दोनों की मलबे में दबने से मौत हो गई। शवों को बाहर निकालने का पुलिस प्रयास कर रही है।

मकराना शहर के कालानाडा से चावंडिया ग्राम की ओर जाने वाले मार्ग का रास्ता गुरुवार को अचानक ब्राउन मार्बल खदान गिर गया। इस दौरान रास्ते से गुजर रहे ट्रैक्टर ट्रॉली सहित ट्रैक्टर का चालक व उसका सहायक मजदूर भी मार्बल खदान में मलबे के साथ ही गिर गए। जिसकी वजह से दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही मकराना थाना

■ **अन्य खदान की क्रेन को काम में लेकर शवों को निकाला**

अधिकारी प्रमोद कुमार शर्मा मय पुलिस जाप्ते के मौके पर पहुंचे। जिन्होंने स्थानीय मजदूरों की सहायता से पास की एक मार्बल खदान की क्रेन को काम में लेते हुए शवों को निकालना शुरू कर दिया। हादसे की जानकारी मिलते ही मौके पर मजदूरों व ग्रामीणों की भारी भीड भी जमा हो गई।

प्राप्त जानकारी अनुसार बिदियाद के नाथोलाई की ढाणी निवासी 30 वर्षीय रामदेव पुत्र भंवराराम लौहार व उसका सहायक मजदूर उमाराम निवासी बिदियाद जो गुरुवार को ट्रैक्टर ट्रॉली में मार्बल खंडों को लोड कर चावंडिया मार्ग से गुजर रहे थे जो खान का रास्ता गिरने से मलबे के साथ खान में गिर गए। हादसे में ट्रैक्टर चालक व उसके सहायक मजदूर की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। जिसने रास्ते को बंद करवाकर जेसीबी मशीन के सहारे सडक किनारे अधर में झूल रही दीवार और मलबे को हटवाया। वही दोपहर लगभग 1 बजे मकराना थाना अधिकारी प्रमोद कुमार शर्मा भी मय पुलिस जाब्ते के मौके पर पहुंचे। उन्होंने स्थानीय मजदूरों की सहायता से पास की एक मार्बल खदान पर लगी क्रेन को काम में लेते हुए दोनों शवों को निकलवाने हेतु रेस्क्यू शुरू करवा दिया हैं। फिलहाल मकराना पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

# टोडारायसिंह पालिका अध्यक्ष भरत लाल सैनी निलम्बित

**मालपुरा,** (निसं)। स्वायत शासन विभाग निदेशक एवं संयुक्त सचिव ह्रदेश कुमार शर्मा ने गुरूवार को एक आदेश जारी कर टोडारायसिंह नगरपालिका से भाजपा के चेयरमैन भरत लाल सैनी को पालिका अध्यक्ष व पार्षद पद से निलम्बित किये जाने के आदेश जारी किये हैं। जारी आदेशों में निदेशक ने अवगत करवाया कि बीते दिनों 18 जुलाई को एसीबी टोंक टीम द्वारा पालिका अध्यक्ष भरत लाल सैनी व नगरपालिका में कार्यरत रैन बसेरा मॉनिटरिंग कार्मिक दिनेश कुमार सैनी को घूस की राशि के साथ रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया था। भरत लाल सैनी के विरूद्ध नगरपालिका अधिनियम 2009 की धारा 39 की उक्त धारा 1 के अन्तर्गत न्यायिक जांच करवाई जाने का निर्णय लिया गया है। ऐसे में भरत लाल सैनी के पालिका अध्यक्ष पद पर रहने से न्यायिक जांच प्रभवित किये जाने की सम्भावना के चलते पालिका अधिनियम 2009 की धारा 39 (6) के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राज्य सरकार व स्वायत शासन विभाग द्वारा भरत लाल सैनी को पालिका अध्यक्ष व वार्ड पार्षद की सदस्यता से तत्काल निलम्बित किया गया है।



भरत लाल सैनी।

# पानी के दबाव से क्षतिग्रस्त हुई परकोटे की दीवार

**चौरु/उनियारा,** (निसं)। उनियारा उपखण्ड में विगत दिनों हुई तेज बरसात तथा गलवा बांध की चादर के लगातार जारी रहने से उनियारा के चारों तरफ पानी ही पानी नजर आ रहा है । कस्बे के टोंक सवाई माधोपुर रोड पर विगत तीन-चार दिनों से पानी भरा हुआ है तथा परकोटे के चारों तरफ भी पानी भरा हुआ। बुधवार को परकोटे का एक हिस्सा गिर गया। जिससे सात आठ विद्युत पोल भी क्षतिग्रस्त हो गए।

गनीमत रही कि उस वक्त विद्युत सप्लाई बंद थी तथा आमजनों की आवाजाही बंद होने से बड़ा हादसा होने से टल गया। परकोटे की दीवार का मलबा सड़क पर आ गया। सूचना मिलते ही प्रशासनिक अधिकारी मौके

■ **दीवार से विद्युत पोल ढहे, कटौती होने से बड़ा हादसा टला**

■ **चारों तरफ पानी होने से खातोली गेट के पास के मकानों में आई दरारें**

पर पहुंचे और लोगों को परकोटे की दीवार के पास नहीं जाने की हिदायत दी। उनियारा गलवा बांध की चादर का लगातार जारी रहने तथा परकोटे के चारों तरफ पानी के बने रहने से खातोली गेट के पास के मकानों में दरारें आना शुरू हो गया।



उनियारा के परकोटे का ढहा हुआ हिस्सा।

# संभागीय आयुक्त सहित तीन को गिरफ्तार करने की मांग, प्रदर्शन किया

फ्रैंकफर्ट, 25 अगस्त। जर्मनी और आइंट्रैच फ्रैंकफर्ट के गोलकीपर केविन ट्रैप ने कहा है कि उन्होंने जर्मन क्लब में बने रहने के लिए मैनचेस्टर यूनाइटेड का प्रस्ताव ठुकरा दिया है। रिपोर्टों के अनुसार यूनाइटेड ने इस 32 वर्षीय खिलाड़ी के सामने चार साल के अनुबंध की पेशकश की थी। ट्रैप जर्मनी के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी हैं और इससे पहले पेरिस सेंट जर्मेन और कैसरस्लॉटर्न के लिए भी खेल चुके हैं। ट्रैप ने गुरुवार को अपने इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया,“ यह सच है कि मुझे लिखित पेशकश की गई थी। मैनचेस्टर यूनाइटेड वैश्विक क्लब है और हर कोई इस बात को समझ सकता है कि मैंने इस प्रस्ताव पर काफी विचार किया।” उन्होंने कहा, “ मैंने कल दोनों क्लबों के प्रतिनिधियों से बात की और उन्हें बताया मैं फ्रैंकफर्ट में ही बने रहना चाहता हूं।”

## भारतीय महिला गोल्फरों की विश्व एमेच्योर टीम चैम्पियनशिप में अच्छी शुरुआत

पेरिस, 25 अगस्त। भारतीय महिला गोल्फर अवनि प्रशांत, स्मृति भार्गव और निश्ना पटेल की तिकड़ी ने गुरूवार को यहां एस्प्रितो सांतो ट्राफी के लिये 29वीं महिला विश्व एमेच्योर टीम चैम्पियनशिप में अच्छी शुरूआत की। अवनि (75) और स्मृति (73) के कार्ड तीनों गोल्फर में सर्वश्रेष्ठ थे जिससे भारत दिन के कुल 148 के स्कोर से संयुक्त रूप से 24वें स्थान पर है। अमेरिका की रशेल हेक और रोस झांग ने क्रमश: 68 और 69 के कार्ड बनाये जिससे अमेरिकी टीम (पांच अंडर पार 137) जर्मनी पर एक स्ट्रोक की बढ़त बनाये है।

## भारतीय कोचों और खिलाड़ियों को खेल विज्ञान में और शिक्षित करने की जरूरत : मैथ्यू

नयी दिल्ली, 25 अगस्त। बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में भारतीय दल के मुख्य चिकित्सा अधिकारी रहे अरूण बासिल मैथ्यू का मानना है कि भारतीय खिलाड़ियों उच्चतम स्तर पर खेल विज्ञान को समझने में काफी लंबा सफर तय किया है लेकिन अभी भी सुधार की गुंजाइश है । पिछले साल तोक्यो ओलंपिक में भी भारतीय टीम के साथ गए मैथ्यू ने बर्मिंघम खेलों में खिलाड़ियों की चिकित्सा जरूरतों का जिम्मा संभाला था। उन्होंने कहा ,“ आजकल अधिकांश को अभ्यास, आहार, चोटों की अच्छी खासी जानकारी है । कोचों को धन्यवाद जिनकी वजह से यह संभव हो सका । मैं जरूर कहूंगा कि भारतीय खेलों में यह नयी चीज है और सरकार की नीतियों और अच्छी रणनीतियों को इसका श्रेय जाता है।” उन्होंने कहा, अभी भी सुधार की गुंजाइश है । खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ को खेल विज्ञान में और शिक्षित करना होगा ।

## नागौर और श्रीगंगानगर क्रिकेट संघ को राहत

जयपुर, 25 अगस्त। राजस्थान उच्च न्यायालय ने नागौर और श्रीगंगानगर को असंबद्ध किये जाने पर रोक लगा दी है। राजस्थान क्रिकेट संघ ने पूर्व आरसीए अध्यक्ष ललित मोदी से जुड़े रहने का आरोप लगाते हुए नागौर, श्रीगंगानगर और अलवर जिला क्रिकेट संघ को असंबद्ध कर दिया था, जिसको लेकर नागौर और श्रीगंगानगर जिला क्रिकेट संघ ने उच्च न्यायालय में अपील की थी।

# बीडब्ल्यूएफ वर्ल्डर्स : सेन को हराकर प्रणय क्वार्टरफाइनल में पहुंचे, साइना हुई बाहर

टोक्यो, 25 अगस्त। भारत के एच एस प्रणय ने गुरुवार को हमवतन राष्ट्रमंडल खेलों के चैंपियन लक्ष्य सेन को हराकर बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली, जबकि साइना नेहवाल 16वें राउंड में थाईलैंड की बुसानन ओंगबामरुंगफाम से पराजित होकर प्रतियोगिता से बाहर हो गईं।



प्रणय ने सेन को 17-21, 21-16, 21-17 से हराया, जो 2021 में कांस्य पदक विजेता रहे। तीस वर्षीय प्रणय क्वार्टर फाइनल में चीन के झाओ जून पेंग के खिलाफ खेलेंगे, जो संयोगवश इंडोनेशिया ओपन सेमीफाइनल की पुनरावृत्ति होगी।

इंडोनेशिया ओपन 2022 सेमीफाइनल में प्रणय और झाओ का पहली बार आमना-सामना हुआ था, जिसे चीन ने सीधे सेट में जीत लिया था। प्रणय ने 32वें राउंड के मुकाबले दो बार के पूर्व विश्व चैम्पियन केंटो मोमोटा को हराकर बड़ा उलटफेर किया है। दुनिया के 18वें नंबर के भारतीय शटलर की पहली जीत थी। बुसानन के खिलाफ साइना को 17-21, 21-16, 13-21 से हार का सामना करना पड़ा। महिला एकल में भारत के लिए पदक की उम्मीद खत्म हो गयी है, क्योंकि युवा मालविका बंसोड़ पहले ही इस दौड़ से बाहर हो गयी और पीवी सिंधु स्ट्रेस फ्रैक्चर के कारण टूर्नामेंट से हट गई हैं।

इससे पहले दिन में भारत की शीर्ष जोड़ी दो पुरुष युगल जोड़ी सात्विक साईराज रैंकी रेड्डी और चिराग शेट्टी तथा एम आर अर्जुन और ध्रुव कपिला की जोड़ी ने अपने-अपने 16वें राउंड जीत के साथ क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया है। सात्विक और चिराग ने डेनमार्क की जेप्पे बे और लासे मोल्हेडे की जोड़ी को 21-12, 21-10 से हराकर क्वार्टरफाइनल में जापान के ताकुरो होकी और यूगो कोबायाशी से मुकाबला किया।

## न्यूजीलैंड श्रृंखला में भारत-ए टीम के कोच की जिम्मेदारी संभालेंगे कोटक

नयी दिल्ली, 25 अगस्त। न्यूजीलैंड ए के खिलाफ एक सितंबर से शुरू हो रही आगामी श्रृंखला में सितांशु कोटक भारत ए टीम की कोचिंग की जिम्मेदारी संभालेंगे। पूर्व भारतीय लेग स्पिनर साईराज बहुतुले बेंगलुरू और हुबली में तीन टेस्ट मैचों और चेन्नई में तीन वनडे के लिये कोचिंग स्टाफ में कोटक के साथ जुड़ेंगे।

सामान्यत: राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) के प्रमुख ही ए टीमों के मुख्य कोच होते हैं लेकिन वीवीएस लक्ष्मण को राहुल द्रविड़ के कोविड-19 पॉजिटिव आने के बाद सीनियर टीम का अंतरिम मुख्य कोच नियुक्त किया गया है तो कोटक को यह भूमिका दी गयी है।

बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट बोर्ड) के पास एनसीए के अंतर्गत कोचों का पूल है जिन्हें ए, एमर्जिंग (अंडर 20) और अंडर-19 टीमों के दौरों के लिये रोटेट किया जाता है। कभी कभार उन्हें सीनियर टीम के दौरों पर भी भेजा जाता है जैसे कोटक आयरलैंड में टीम के साथ थे और ऋषिकेश कानिटकर जिम्बाब्वे में थे। कानिटकर के अंडर-23 एमर्जिंग इंट्रा एनसीए टूर्नामेंट की देखरेख करने की संभावना है।

## यूएस ओपन क्वालीफायर्स : युकी दूसरे दौर में, रामनाथन और नागल बाहर

न्यूयार्क, 25 अगस्त। भारत के युकी भांबरी ने मालदोवा के राडू अल्बोट पर एक संघर्षपूर्ण मुकाबले में जीत दर्ज करके यूएस ओपन टेनिस टूर्नामेंट के क्वालीफायर्स के दूसरे दौर में प्रवेश किया। हालांकि, देश के शीर्ष रैंकिंग के पुरुष खिलाड़ी रामकुमार रामनाथन और सुमित नागल अपने-अपने मैच सीधे सेटों में हारकर बाहर हो गए। दुनिया के 241वें नंबर के रामनाथन अमेरिकी किशोर ब्रूनो कुजुहारा से एक घंटे 28 मिनट में 3-6, 5-7 से, जबकि नागल कनाडा के वासेक पोस्पिसिल से 6-7, 4-6 से हार गए। विश्व में 552वें स्थान पर काबिज युकी ने एक घंटे 34 मिनट तक चले मैच में अपने से अधिक रैंकिंग वाले अल्बोट (107) को 7-6 (4) 6-4 से शिकस्त दी। युकी ने पहले सेट में धीमी शुरुआत की लेकिन वह वापसी करने में सफल रहे और सेट को टाईब्रेकर तक ले गए जिसमें उन्होंने जीत दर्ज की। दूसरे सेट में उन्होंने बेहतर खेल दिखाया और उसे जीतकर अगले दौर में जगह बनाई। इस 30 वर्षीय खिलाड़ी का अगले दौर में मुकाबला बेल्जियम के जिज़ो बर्ग से होगा।

## घर में 100 टेस्ट खेलने वाले पहले खिलाड़ी बने जेम्स एंडरसन

मैनचेस्टर, 25 अगस्त। इंग्लैंड के अनुभवी तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन ने गुरुवार को टेस्ट इतिहास में घरेलू सरजमीं पर 100 टेस्ट मैच खेलने वाला पहला खिलाड़ी बनने का गौरव हासिल किया। उन्होंने यह उपलब्धि मैनचेस्टर में दक्षिण अफ्रीका के साथ दूसरा टेस्ट खेलकर हासिल की। इससे पहले 72 खिलाड़ियों ने अपने करियर में 100 से अधिक टेस्ट मैच खेलने की उपलब्धि हासिल की है, मगर कोई भी 100 टेस्ट मैच अपने देश के मैदान में नहीं खेल सका है। सचिन तेंदुलकर 200 टेस्ट खेलने वाले इकलौते खिलाड़ी हैं लेकिन उन्होंने भी भारत में सिर्फ 94 टेस्ट खेले हैं और वह सूची में



एंडरसन के बाद दूसरे स्थान पर हैं। एंडरसन के साथी गेंदबाज स्टूअर्ट ब्रांड घरेलू मैदान पर 91 टेस्ट खेल कर चौथे और इंग्लैंड के पूर्व खिलाड़ी एलस्टर कुक 89 टेस्ट खेलकर पांचवे स्थान पर हैं। कुल मिला कर एंडरसन 174 टेस्ट खेल कर तेंदुलकर के पीछे बने हुये हैं। उनके अलावा कुक और ब्रांड ही इंग्लैंड के ऐसे खिलाड़ी हैं जिन्होंने अपने करियर में 150 से अधिक टेस्ट खेले हैं।

एंडरसन ने घर पर अपने 100वें टेस्ट मैच में शानदार शुरुआत की और उन्होंने अपने पांचवें ओवर में मेहमान टीम के सलामी बल्लेबाज सरेल इरवी को विकेट के पीछे आउट कर दिया। मैनचेस्टर के ओल्ड ट्रैफोर्ड स्टेडियम पर एंडरसन हालांकि कभी भी एक पारी में पांच विकेट नहीं ले सके हैं।

## टेनिस के दिग्गजों ने यूक्रेन की मदद के लिये प्रदर्शनी मैच में की शिरकत

न्यूयॉर्क, 25 अगस्त। युद्ध की विभीषिका से जूझ रहे यूक्रेन के समर्थन और मदद के लिये राफेल नडाल, इगा स्विएटेक, जान मैकनरो और कोको गाफ जैसे दिग्गज टेनिस खिलाड़ियों ने बुधवार रात यहां एक प्रदर्शनी मैच में शिरकत की। अगले पखवारे यूएस ओपन ट्राफी के लिये एक-दूसरे के खिलाफ सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने को बेकरार टेनिस दुनिया के सितारों ने संकटग्रस्त यूक्रेन में मानवीय सहायता के लिये खचाखच भरे लुई आर्मस्ट्रांग स्टेडियम में 'टेनिस प्ले फॉर पीस' प्रदर्शनी मैच में हिस्सा लिया।

एटीपी टूर ने नडाल के हवाले से कहा, पिछले दो-तीन साल दुनिया के लिये काफी कठिन रहे हैं। पहले कोरोना महामारी और अब यूक्रेन में युद्ध मानवता के लिये चुनौतीपूर्ण है। न्यूयार्क में खेल प्रेमियों के सामने कोर्ट में उतरना निश्चित ही खुशी और रोमांच का अहसास कराता है। उद्घाटन समारोह में यूक्रेन का राष्ट्रगान हुआ, जिसके बाद नडाल और स्विएटेक की जोडी ने गाफ और मैकेनरो के खिलाफ मिश्रित युगल मैच के लिए कोर्ट में कदम रखा। गॉफ ने कहा, दुनिया के नम्बर एक जॉन, राफा और इगा की मौजूदगी में न्यूयार्क में कोर्ट में उतरना वास्तव में रोमांच से भरपूर है। मै खुश हूं कि मैं इस समारोह का हिस्सा बन पाया।

## राष्ट्रमंडल खेलों में मिली जीत से बढ़ा आत्मविश्वास : निशा

नयी दिल्ली, 25 अगस्त। भारतीय महिला हाकी टीम की सदस्य निशा ने कहा कि राष्ट्रमंडल खेलों में उनकी टीम को मिले कांस्य पदक ने उनके आत्मविश्वास में खासा इजाफा किया है। भारतीय महिला हाकी टीम ने 16 साल के सूखे को खत्म करते हुये हाल ही में संपन्न बर्मिंघम 2022 कामनवेल्थ गेम्स में कांस्य पदक हासिल किया था। कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय टीम में मिडफील्डर की भूमिका में 27 वर्षीय निशा ने टीम और अपने करियर के लिये मेडल के महत्व को लेकर जज्बात उजागर किये। उन्होंने कहा, सीडब्लूजी मेडल मेरे लिये हमेशा विशेष रहेगा। मेरा हमेशा से सपना था कि मैं राष्ट्रमंडल खेलों में पदक जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा बनूं। हमने ओलंपिक और कामनवेल्थ गेम्स में हमेशा अच्छे प्रदर्शन पर पूरा ध्यान केंद्रित किया और हमें खुशी है कि टीम को उसका प्रतिफल बर्मिंघम में जीत के रूप में मिला।

निशा ने कहा, कामनवेल्थ गेम्स के बाद मेरा मनोबल काफी बढ़ा हुआ है। राष्ट्रमंडल खेलों में मुझे गजब की अनुभूति हुयी। मैं खुशकिस्मत हूं कि मैं एक प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में कांस्य हासिल करने वाली टीम का हिस्सा बनी। मैं और कड़ी मेहनत कर रही हूं और खुद को भविष्य में होने वाले टूर्नामेंट के लिये मानसिक और शारीरिक रूप से तैयार कर रही हूं। भारतीय महिला टीम बेंगलुरु में 29 अगस्त को साई में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय शिविर में वापसी करेगी। निशा ने कहा, राष्ट्रमंडल खेलों के दौरान हमने अपनी गलतियों को नोटिस किया और प्रशिक्षण शिविर में हमारा फोकस उन गलतियों को सुधारने की तरफ होगा।

## नस्लवाद की घटना पर डूरंड कप आयोजन समिति ने की त्वरित कार्रवाई

कोलकाता, 25 अगस्त। डूरंड कप आयोजन समिति ने गुरुवार को साफ किया कि उसने बेंगलुरु एफसी खिलाड़ी के खिलाफ की गयी नस्लवाद की टिप्पणी को गंभीरता से लिया है। आयोजकों ने एक बयान जारी कर कहा, अखिल भारतीय फुटबाल फेडरेशन समेत सभी स्टेक होल्डर्स के संयुक्त हस्तक्षेप और मध्यस्थता के बाद त्वरित कार्रवाई की गई और मामले को सुलझा लिया गया है। जो खूबसूरत खेल फुटबाल में स्वीकार्य नहीं है। बेंगलुरु एफसी ने आरोप लगाया था कि किशोर भारती क्रीड़ागंन में पिछले मंगलवार को डूरंड कप के एक मैच में विरोधी टीम के एक खिलाड़ी ने उनके एक खिलाड़ी के खिलाफ नस्लवाद संबंधी टिप्पणी की।

## फुटबॉल ढांचे में सुधार किया गया तो विश्व कप के लिए क्वालीफाई कर सकती है भारतीय टीमें : भूटिया

नयी दिल्ली, 25 अगस्त। पूर्व भारतीय कप्तान बाइचुंग भूटिया ने अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के अध्यक्ष पद के लिए नामांकन भरने के बाद कहा यदि देश के फुटबॉल ढांचे में जमीनी स्तर पर सुधार किया जाता है तो भविष्य में भारत की सीनियर और आयु वर्ग की टीमें योग्यता के आधार पर विश्व कप के लिए क्वालीफाई कर सकती हैं।

अपने जमाने के दिग्गज फुटबॉलर भूटिया ने एआईएफएफ के दो सितंबर को होने वाले चुनावों के लिए गुरुवार को अध्यक्ष पद का नामांकन भरा। आंध्र फुटबॉल संघ ने उनके नाम का प्रस्ताव रखा जबकि राजस्थान फुटबाल संघ ने उसका अनुमोदन किया।

भूटिया ने कहा,“ भारतीय टीम में चाहे वह आयु वर्ग में हो या सीनियर टीम आगामी वर्षों में योग्यता के आधार पर विश्वकप के लिए क्वालीफाई कर सकती हैं, लेकिन इसके



लिए सुधार करने और देश की फुटबॉल प्रणाली को साफ सुथरा बनाने की जरूरत है।”

उन्होंने कहा,“ हमें जमीनी स्तर पर अधिक ध्यान देने की जरूरत है। इसके अलावा हमें राज्य संघों पर अधिक ध्यान देना होगा क्योंकि प्रतिभाशाली युवा खिलाड़ी राज्यों से ही आते हैं। इसलिए राज्यों को दिए जाने वाले बजट में बढ़ोतरी की जाएगी।”

भारत की पुरुष टीम ने 2017 में फीफा अंडर-17 विश्व कप में भाग लिया था क्योंकि वह तब मेजबान था। महिला टीम भी अक्टूबर में फीफा अंडर-17 विश्व कप में भाग लेगी क्योंकि उम्मीद है कि एआईएफएफ से प्रतिबंध हट जाएगा और भारत इस प्रतियोगिता की मेजबानी करेगा। भारत की तरफ से 100 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने के बाद 2011 में सन्यास लेने वाले 45 वर्षीय भूटिया ने कहा कि यदि वह अध्यक्ष बनते हैं तो राज्य संघों को अधिक पैसा देने की कोशिश करेंगे। उन्होंने कहा,“ हमें दो चीजों पर ध्यान देने की जरूरत है। एक जमीनी स्तर पर फुटबॉल का विकास करना और दूसरा राज्य संघों को अधिक बजट देना। जमीनी स्तर पर विकास का कोई विकल्प नहीं है और यह सभी जानते हैं। मैं इस दिशा में अधिक गतिविधियां चाहता हूं।”

भूटिया ने इसके साथ ही कहा कि हर

## कोहली, आजम के बीच गुफ्तगू

दुबई, 25 अगस्त। विश्व के दो महान क्रिकेटर विराट कोहली और बाबर आजम के बीच गुफ्तगू सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर तेजी से ट्रेंड हो रही है। बीसीसीआई द्वारा साझा किए गए एक वीडियो में पाकिस्तानी कप्तान आजम को भारतीय क्रिकेटर कोहली के साथ हाथ मिलाते हुए और गुफ्तगू करते देखा गया है। भारतीय टीम ने एशिया कप से पहले 24 अगस्त को दुबई में अपना अभ्यास सत्र शुरू किया था। बीसीसीआई ने ट्विटर पर वीडियो साझा करते हुए कैप्शन दिया, हैलो दुबई, हग्स, स्माइल और वार्म-अप, जैसा कि हम एशिया कप 2022 के लिए तैयारी शुरू कर रहे हैं। बीसीसीआई द्वारा साझा किए गए वीडियो में भारतीय टीम के खिलाड़ियों को अफगानिस्तान और पाकिस्तान की टीमों के खिलाड़ियों के साथ बातचीत करते और अपनी खुशियों को इजहार करते हुए देखा गया है।

## आयुषी पोद्दार ने महिलाओं का 50 मीटर राइफल थ्री पॉजिशंस ट्रॉयल जीता

भोपाल/नयी दिल्ली, 25 अगस्त। पश्चिम बंगाल की आयुषी पोद्दार ने गुरूवार को यहां राष्ट्रीय चयन ट्रायल्स में महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पॉजिशंस टी6 ट्रायल्स में जीत दर्ज की। उन्होंने स्वर्ण पदक के मैच में सैन्य निशानेबाजी इकाई की प्रिया को 16-8 से पराजित किया। आयुषी ने 587 के स्कोर से शीर्ष पर रहकर फाइनल के लिये क्वालीफाई किया जिसमें वह 402.3 अंक से विजेता रहीं।प्रिया ने 401.5 अंक से दूसरा और अनुभवी लज्जा गोस्वामी ने 400.1 अंक से तीसरा स्थान हासिल किया।

जूनियर महिला श्री पी फाइनल में हरियाणा की रमिता ने अपने ही राज्य की निश्चल को 17-9 से पराजित किया। गुजरात की हीना जयेशभाई गोहेई ने तीसरा स्थान हासिल किया। वहीं दिल्ली में पुरूषों की 50 मीटर पिस्टल टी6 स्पर्धा में रविंदर ने 562 अंक के स्कोर से जीत हासिल की। राजस्थान के अभिनव चौधरी 560 के स्कोर से दूसरे और नौसेना के कुणाल राणा 559 अंक से तीसरे स्थान पर रहे।

पंजाब के निशानेबाज अर्जुन सिंह चीमा ने डॉ. कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में पुरुषों के 50 मीटर पिस्टल राष्ट्रीय चयन ट्रायल में जीत दर्ज की। अर्जुन ने 562 अंक बनाए और वह केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के अविष्कार तोमर से आगे रहे। तोमर ने 558 अंक बनाए। वायु सेना के रविंदर ने भी 558 अंक बनाए लेकिन उन्होंने अंदर के सर्किल पर कम शॉट लगाए थे और इसलिए उन्हें तीसरे स्थान से संतोष करना पड़ा। पुरुषों के जूनियर फ्री पिस्टल वर्ग में राजस्थान के अभिनव चौधरी ने 554 अंक बनाकर पहला स्थान हासिल किया। हरियाणा के अंकित तोमर 544 अंक बनाकर दूसरे और उत्तर प्रदेश के अक्षत वर्मा 540 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहे।

लड़कियों के जूनियर फ्री पिस्टल में महाराष्ट्र की साक्षी सूर्यवंशी ने 545 अंकों के साथ पहला स्थान हासिल किया। हरियाणा की शिखा नरवाल 540 अंक बनाकर दूसरे जबकि उन्हीं के राज्य की दिवांशी 536 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रही। लड़कों के 25 मीटर पिस्टल ट्रायल्स में पंजाब के राजकंवर सिंह संधू 584 अंक बनाकर शीर्ष पर रहे।

## दलीप ट्रॉफी : मंदीप उत्तर प्रदेश के कप्तान, तिवारी करेंगे पूर्वी क्षेत्र की अगुआई

नयी दिल्ली, 25 अगस्त। पंजाब के शीर्ष क्रम के बल्लेबाज मंदीप सिंह को आगामी दलीप ट्राफी के लिये गुरूवार को उत्तर क्षेत्र की टीम का कप्तान नियुक्त किया गया। यह टूर्नामेंट तमिलनाडु में आठ से 25 सितंबर तक खेला जायेगा। दिल्ली के अनुभवी बल्लेबाज ध्रुव शोरे उप कप्तान होंगे। वहीं बंगाल के अनुभवी मनोज तिवारी पूर्वी क्षेत्र की टीम की कमान संभालेंगे। झारखंड के विराट सिंह उप कप्तान होंगे। उत्तर क्षेत्र की टीम में भारतीय तेज गेंदबाज नवदीप सैनी, पंजाब के तेज गेंदबाज सिद्धार्थ कौल और भारत की अंडर-19 विश्व कप विजेता टीम के कप्तान दिल्ली के यश धुल भी शामिल हैं।

**उत्तर क्षेत्र की टीम :** यश धुल (दिल्ली), ध्रुव शौरी (उप-कप्तान, दिल्ली), मनन वोहरा (उत्तराखंड), मनदीप सिंह (कप्तान, पंजाब), हिमांशु राणा (हिमाचल प्रदेश), आकाश वशिष्ठ (हिमाचल प्रदेश), अनमोल मल्होत्रा (विकेटकीपर, पंजाब), मयंक डागर (हिमाचल प्रदेश), पुलकित नारंग (सेना), नवदीप सैनी (दिल्ली), सिद्धार्थ कौल (पंजाब), जगजीत सिंह (उत्तराखंड), निशांत सिंधु (हिमाचल प्रदेश), कामरान इकबाल (जम्मू कश्मीर), विकास मिश्रा (दिल्ली)।

**पूर्वी क्षेत्र की टीम :** मनोज तिवारी (कप्तान), सुदीप कुमार घरामी, अनुष्टुप मजूमदार, अभिषेक पोरेल (विकेटकीपर), शाहबाज अहमद, ईशान पोरेल, आकाश दीप (सभी बंगाल के), विराट सिंह (उप-कप्तान), नाजिम सिद्दीकी, कुमार कुशाग्र, शाहबाज नदीम (सभी झारखंड), मुख्तार हुसैन, रियान पराग (असम), मणिशंकर मुरा सिंह (त्रिपुरा), शांतनु मिश्रा (ओडिशा)।

# एआईएफएफ चुनाव : भूटिया ने अध्यक्ष पद के लिए नए सिरे से नामांकन भरा, चौबे सबसे आगे

नयी दिल्ली, 25 अगस्त। दिग्गज फुटबॉल खिलाड़ी और पूर्व भारतीय कप्तान बाइचुंग भूटिया ने अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ के दो सितंबर को होने वाले चुनाव के लिए गुरुवार को अध्यक्ष पद के लिए नए सिरे से नामांकन भरा, जिससे उनके और पूर्व गोलकीपर कल्याण चौबे के बीच सीधी भिड़ंत तय है। पर इसमें चौबे 'फ्रंट रनर' (प्रबल दावेदारों में बढ़त बनाये) के तौर पर सामने आ रहे हैं। पदम श्री से सम्मानित 45 वर्षीय फुटबॉलर भूटिया के नाम का प्रस्ताव आंध्र फुटबॉल संघ ने किया जबकि राजस्थान फुटबॉल संघ ने उसका अनुमोदन किया।

मोहन बागान और ईस्ट बंगाल के पूर्व गोलकीपर तथा पश्चिम बंगाल में भाजपा के नेता कल्याण चौबे को भी अध्यक्ष पद का प्रबल दावेदार माना जा रहा है। चौबे के नाम का प्रस्ताव गुजरात फुटबॉल संघ ने किया जबकि उसका अनुमोदन अरुणाचल प्रदेश फुटबॉल संघ ने किया। चौबे ने 2019 में पश्चिम बंगाल के कृष्णानगर से लोकसभा चुनाव लड़ा था लेकिन इसमें हार गये थे। एआईएफएफ के सूत्रों के अनुसार अगर रणनीति में अंतिम मिनट में कोई बदलाव नहीं होता है तो दो सितंबर को होने वाले चुनाव में केवल भूटिया और चौबे ही अध्यक्ष पद की दौड़ में शामिल होंगे। निर्वाचन अधिकारी उमेश सिन्हा ने सोमवार को उच्चतम न्यायालय के आदेश के बाद 34 सदस्यीय निर्वाचक मंडल पहले ही तैयार कर दिया है। उच्चतम न्यायालय ने फीफा महिला अंडर-17 विश्व कप बचाने की मुहिम में सोमवार को प्रशासकों की समिति (सीओए) को खत्म कर अपने पूर्व आदेश को बदल दिया था।

पता चला है कि कई राज्य संघों ने बुधवार को यहां बैठक में एआईएफएफ अध्यक्ष पद के लिये चौबे को अपने उम्मीदवार के रूप में आम सहमति देने का फैसला किया है। राज्य संघ के एक अधिकारी ने पीटीआई से कहा, “कल्याण चौबे के नाम पर सभी राज्य संघों में आम सहमति है। लेकिन अंतिम मिनट में कुछ संघों ने भूटिया को समर्थन देने का



फैसला किया जो कुछ मुद्दों पर खुश नहीं हैं। ”

भूटिया ने कहा,“ मैंने एआईएफएफ अध्यक्ष पद के लिए अपना नामांकन भर दिया है और मुझे लगता है कि मैं इस पद के लिए सबसे उपयुक्त व्यक्ति हूं।” उन्होंने कहा,“ मैंने देश के लिए और शीर्ष क्लबों के लिए इतने अधिक मैच खेले हैं तथा मैं प्रशासन के बारे में भी थोड़ा बहुत जानता हूं क्योंकि मैं खेल मंत्रालय थे मिशन ओलंपिक विभाग और कई अन्य समितियों में हूं। मैं चाहता हूं कि भारतीय फुटबॉल नई ऊंचाइयों पर पहुंचे।”

भूटिया ने इससे पहले भी अध्यक्ष पद के लिए नामांकन भरा था। तब उनके नाम का प्रस्ताव उनके पूर्व साथी खिलाड़ी दीपक मंडल ने किया था जबकि प्रतिष्ठित महिला फुटबॉलर मधु कुमारी ने उसका अनुमोदन किया था। फुटबॉल दिल्ली के अध्यक्ष शाजी प्रभाकरण ने इस बार चुनाव में नहीं खड़े होने का फैसला किया है, हालांकि उन्होंने तब नामांकन पत्र दाखिल किया था जब उच्चतम न्यायालय द्वारा नियुक्त सीओए के अंतर्गत चुनाव कराये जाने थे।

सूत्रों के अनुसार अगर चौबे की अगुआई वाला ग्रुप चुनाव जीतता है तो प्रभाकरण एआईएफएफ के महासचिव बन सकते हैं। कांग्रेस विधायक और कर्नाटक संघ के अध्यख प्रमुख एन ए हैरिस का निर्विरोध उपाध्यक्ष चुना जाना तय है क्योंकि उन्हें एआईएफएफ की ज्यादातर राज्य इकाईयों का समर्थन मिला है। एक अन्य पद जिसके लिये मुकाबला हो सकता है, वह कोषाध्यक्ष पद है। अरूणाचल प्रदेश के किपा अजय का आंध्र प्रदेश के गोपालकृष्णा कोसाराजू के खिलाफ आसानी से जीत दर्ज करने की उम्मीद है। कार्यकारी समिति के सदस्यों के 14 पद के लिये 13 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किया है और इन सभी के बिना किसी परेशानी के चुने जाने की उम्मीद है।

ये जीपी पालगुना, अविजीत पॉल, पी अनिलकुमार, वलांका नताशा अलेमाओ, मालोजी राजे छत्रपति, मेनला इथेंपा, मोहन लाल, आरिफ अली, के नेबोऊ सेखोसे, लालनघिंगलोवा हमार, दीपक शर्मा, विजय बाली औ सैयद इम्तियाज हुसैन हैं। चुनाव एक अध्यक्ष, एक उपाध्यक्ष, एक कोषाध्यक्ष और 14 कार्यकारी समिति सदस्यों के लिए होना है। छह पूर्व खिलाड़ी - चार पुरूष और दो महिलायें - को बाद में मतदान अधिकार के साथ कार्यकारी समिति सदस्यों में जोड़ा जायेगा। नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तारीख शनिवार दोपहर एक बजे तक है। वे सोमवार को दोपहर एक बजे तक अपनी उम्मीदवारी वापस ले सकते हैं।



*सरदार स्कूल की स्थापना 1828 में हुई थी। इसकी स्थापना स्वामी विवेकानन्द के आग्रह पर खेतड़ी महाराज सरदार सिंह ने की थी। इनके नाम पर ही विद्यालय का नाम रखा गया था। खेतड़ी महाराज ने ही स्वामी विवेकानन्द की शिकागो यात्रा को स्पॉन्सर किया था। आज कोटपूतली नगर पालिका ने इस स्कूल का मुख्य दरवाजा तोड़ दिया है।*

# हाई कोर्ट ने सरकार के वकील को कोटपूतली प्रकरण में आदेश दिये

## अदालत ने डबल ए.जी. को कहा कि तोड़-फोड़ की कार्यवाही की जमीनी स्थिति की तथ्यात्मक रिपोर्ट 13 सितम्बर तक पेश करें

**-यादवेन्द्र शर्मा-**

जयपुर, 25 अगस्त। राजस्थान हाई कोर्ट में कोटपूतली में नगर परिषद द्वारा सड़क चौड़ी करने की आड़ में लोगों को बिना नोटिस दिये उनके घर व दुकान तोड़ने के खिलाफ 11 याचिकाओं की सुनवाई हुई। न्यायाधीश महेन्द्र कुमार गोयल की एकल पीठ ने मामले की सुनवाई करते हुए राज्य सरकार की तरफ से डबल ए.जी. को अदालत में बुलाया और कहा कि वह इस मामले में जमीनी स्थिति पर तथ्यात्मक रिपोर्ट 13 सितम्बर से पहले प्रस्तुत करे। इसके साथ अदालत ने कहा कि नगर परिषद इन 11 याचिकाकर्ताओं के भवनों या इमारतों पर कोई कार्यवाही न करे।

- **तथ्यात्मक रिपोर्ट में पूर्ण जानकारी आ जायेगी कि, कितने मकान तोड़े गये हैं, कितनों को नोटिस दिया गया, कितनों को नहीं दिया गया और मुआवज़ा देने की क्या व्यवस्था है।**

तथ्यात्मक रिपोर्ट प्रस्तुत करने के आदेश से यह सामने आ जायेगा कि कोटपूतली नगर परिषद ने वास्तव में इमारतें तोड़ने से पूर्व कितने लोगों को नोटिस भेजा था और कानूनी प्रक्रिया के अनुसार लोगों की जमीन को अवाप्त करने की प्रक्रिया शुरू की थी या नहीं।

तथ्यात्मक रिपोर्ट में यह भी स्पष्ट हो जायेगा कि नगर परिषद ने सड़क चौड़ी करने से पूर्व संबंधित लोगों से आपत्तियाँ भी आमंत्रित की थीं या नहीं।

उल्लेखनीय है कि अदालत में कोटपूतली के निवासी प्रेम कुमार गुप्ता ने कल ही कोटपूतली नगर परिषद की कार्यवाही के खिलाफ याचिका दायर की थी। याचिकाकर्ता को भी नगर परिषद ने कोई नोटिस नहीं दिया था, परन्तु प्रशासन ने कोटपूतली क्षेत्र में भय का ऐसा माहौल बनाया हुआ था कि याचिकाकर्ता ने स्वयं ही अपने भवन का कुछ हिस्सा तोड़ लिया था। अदालत में प्रस्तुत याचिका में उसने बताया कि उसे खेतड़ी महाराज द्वारा पट्टा दिया गया था। याचिका में कहा गया है कि, स्थानीय नगर परिषद उसके मकान को तोड़ना चाहती है और पट्टा भी रद्द करना चाहती है। अदालत ने याचिकाकर्ता के पक्ष में नगर परिषद को आदेश दिया है कि वह याचिकाकर्ता के भूमि व मकान पर कोई कार्यवाही न करे।

बहरहाल कोटपूतली नगर परिषद ने सरदार विद्यालय रोड पर तीन सरकारी इमारतों को हटाया है और सरदार स्कूल के मुख्य दरवाजे को पूरी तरह तोड़ दिया है।

# नागौर और श्रीगंगानगर जिला क्रिकेट संघ को हाई कोर्ट से राहत

## हाई कोर्ट ने इन दोनों इकाइयों की संबद्धता रद्द करने के आर.सी.ए. के आदेश पर रोक लगाई

जयपुर, 25 अगस्त (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने नागौर और श्रीगंगानगर जिला क्रिकेट संघ को राहत देते हुए आरसीए के गत चार जुलाई के आदेश पर रोक लगा दी है, जिसमें इन दोनों क्रिकेट संघों की संबद्धता को रद्द कर दिया गया था। इसके साथ ही अदालत ने बीसीसीआई और सहकारिता रजिस्ट्रार को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। जस्टिस महेन्द्र गोयल ने यह आदेश नागौर और श्रीगंगानगर जिला क्रिकेट संघों की याचिका पर दिए।

- **राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन ने गत चार जुलाई को दोनों जिला क्रिकेट संघों व अलवर जिला क्रिकेट संघ की संबद्धता रद्द कर दी थी जिनमें से नागौर व श्रीगंगानगर के जिला क्रिकेट संघ ने कोर्ट में याचिका दायर की थी।**
- **हाई कोर्ट ने आर.सी.ए. के आदेश पर स्टे देने के साथ ही बी.सी.सी.आई. सहभागिता रजिस्ट्रार से भी जवाब तलब किया है।**

याचिका में अधिवक्ता डॉ. अभिनव शर्मा ने बताया कि, आरसीए ने गत 4 जुलाई को साधारण सभा की आपातकालीन बैठक बुलाकर नागौर, श्रीगंगानगर व अलवर जिला क्रिकेट संघों की संबद्धता को रद्द कर दिया था। आरसीए ने इन तीनों एसोसिएशनों की संबद्धता रद्द करने का मुख्य कारण, पूर्व में बीसीसीआई द्वारा ललित मोदी व अन्य के मामले में दिए गए दिशा-निर्देशों का पालन नहीं करना बताया।

याचिका में कहा गया कि याचिकाकर्ता पहले ही बीसीसीआई के दिशा-निर्देशों का पालन कर चुके हैं और उनका ललित मोदी व उनके समर्थकों से कोई भी संबंध नहीं है।

इसके अलावा 27 अगस्त 2021 के आदेश में लोकपाल ने भी माना था कि प्रार्थी जिला क्रिकेट संघों ने बीसीसीआई की मांग को पूरा कर दिया है और ललित मोदी, उनके पुत्र रुचिर मोदी और अन्य सहयोगियों से कोई संबंध नहीं रखे हैं।

याचिका में बताया गया कि लोकपाल ने पांच जुलाई के आदेश में कहा था कि इन तीनों जिला क्रिकेट संघों को आर.सी.ए. का भाग बनाया जाये, परंतु आर.सी.ए. ने लोकपाल के किसी भी आदेश को नहीं माना और तीनों क्रिकेट संघों को रद्द्द करने वाले आदेश को क्रियान्वित रखा।

## दूध पर ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

इससे मवेशी तनावग्रस्त हो गए और दूध के उत्पादन में 11 प्रतिशत की कमी आई। अनियमित वर्षा और अतिवादी मौसम ने पहले से ही चल रही चारे की कमी की स्थिति को और खराब कर दिया।

भारत के अधिकांश डेयरी फार्मर लघु उत्पादक हैं और गर्मी कम करने के उपायों जैसे कि गांव के तालाबों को साझा करने आदि पर उनकी निर्भरता जल की कमी और प्रदूषण के कारण तर्कसंगत नहीं रह गई है।

अब आगे क्या: नैशनल डेयरी रिसर्च इंस्टीट्यूट के वैज्ञानिकों ने इस संकट के समाधान की कोशिश की, जिसमें भैंस की नई ब्रीड डवलप करना शामिल है। देश की जरूरत का आधा दूध भैंसों से प्राप्त होता है जो क्रॉसब्रीड मवेशियों की तुलना में गर्मी को बर्दाश्त करने में अधिक समर्थ साबित हुई हैं। वैज्ञानिकों ने प्रोटीन युक्त नई झाड़ियों का उपयोग भी सुझाया है। कुछ वैज्ञानिक गोवंश के आगे बांसुरी तक बजा रहे हैं। वे यह देखना चाहते हैं कि क्या ऐसा करने से गोवंश को आराम मिलता है।

इस मुद्दे पर वैज्ञानिकों की टीम का नेतृत्व करने वाले डॉ. आशुतोष ने कहा कि "हमें जानवर को तनावमुक्त करने के तरीके खोजने होंगे, हम तभी उन्हें अपनी मर्जी अनुसार ढाल सकते हैं।"

# अब सरिस्का में खानें चल सकेंगी

अलवर, 25 अगस्त (निसं)। राज्य सरकार ने सरिस्का बाघ परियोजना के 1 से 10 किमी की दूरी में चल रही खानों के संचालन के लिए राष्ट्रीय वन्य जीव मंडल (एनबीडब्ल्यूएल) की अनुमति की बाध्यता खत्म कर दी है। इसका सीधा लाभ अलवर की 157 खानों एवं खदानों को होगा।

- **राज्य सरकार ने सरिस्का बाघ परियोजना से 10 किमी की दूरी में खानों के संचालन के लिए नैशनल बोर्ड ऑफ वाइल्डलाइफ की अनुमति की बाध्यता खत्म की।**
- **इसका सीधा लाभ अलवर की 157 खानों को होगा।**

राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल की क्षेत्रीय अधिकारी सोनाली चौधरी ने बताया कि, राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण के आदेशों की पालना में सरिस्का बाघ परियोजना से 10 किमी की दूरी तक स्थित खानों को एनबीडब्ल्यूएल की मंजूरी के बिना संचालन के करार का नवीकरण नहीं किया जा रहा था।

उन्होंने बताया कि अब राज्य सरकार के निर्णय के अनुसार उन खानों को संचालन के करार के नवीकरण की अनुमति होगी, लेकिन सरिस्का बाघ परियोजना या संरक्षित वन क्षेत्र से एक से 10 किमी दूर स्थित खानों में उत्पादन की वृद्धि नहीं की जा रही है।

सुप्रीम कोर्ट की पाबंदी की वजह से सरिस्का अभ्यारण्य के आसपास की खानें धीरे-धीरे बन्द हो रही थीं, जिसका खामियाजा मिनरल उद्यमियों को भुगतना पड़ा।

उद्यमियों को रॉ- मटीरिअल नहीं मिलने से कंपनियां बंद होने के कगार पर आ गई। वहीं सुप्रीम कोर्ट की पाबंदी के बाद खानों को नई एन.ओ.सी. भी नहीं मिली।

इस वर्ष मार्च माह के बाद ही 40 से अधिक खाने एन.ओ.सी. नहीं मिलने से बंद हो गई। मिनरल उद्योगों को सर्वाधिक नुकसान पिछले चार माह के बाद ही हुआ है। प्रदूषण मंडल ने सुप्रीम कोर्ट की पालना में इन्हें एनओसी नहीं दी।

इन खानों की वजह से ही अलवर वॉल पुट्टी का हब बन गया था। यहां कई बड़े व्यापारिक समूहों ने भी यहाँ निवेश कर रखा है। कई बड़े समूह जैसे कि मिराज डाइकेम और सोनालेक सहित वॉल पुट्टी बनाने वाली 50 से अधिक कंपनियां अलवर में खुली।

अलवर का खनिज इन्हीं कंपनियों में खपने लगा। अभी जेके लक्ष्मी वॉल पुट्टी समूह भी अलवर में कंपनी लगाने की योजना बना रहा है।

## स्वदेशी विमान वाहक पोत "विक्रांत" का लोकार्पण

नई दिल्ली, 25 अगस्त (वार्ता)। देश के पहले स्वदेशी विमानवाहक पोत विक्रांत को दो सितम्बर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मौजूदगी में लोकार्पण के बाद विधिवत रूप से नौसेना के बेड़े में शामिल किया जायेगा जिससे हिन्द महासागर में नौसेना की ताकत कई गुणा बढ़ जायेगी। नौसेना उप प्रमुख वाइस एडमिरल एस एन घोरमड़े ने गुरूवार को यहां एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि मोदी दो सितम्बर को कोच्चि में इस विमानवाहक पोत को देश को समर्पित करेंगे जिससे यह विधिवत रूप से नौसेना के बेड़े में शामिल हो जायेगा।

इसके साथ ही नौसेना के पास दो विमानवाहक पोत हो जायेंगे। नौसेना के पास आई.एन.एस. विक्रमादित्य विमानवाहक पोत पहले से ही है।

## गेहूं का...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

गया था। उन्होंने कहा कि अप्रैल- जुलाई 2021 की तुलना में, अप्रैल-जुलाई 2022 में, विदेशी बाजारों में गेहूं के आटे की मांग 200 प्रतिशत बढ़ गई है।

उन्होंने कहा कि भारतीय गेहूं की माँग इसलिये बढ़ी है, क्योंकि पिछले वर्ष तक रुस और यूक्रेन गेहूं के बड़े निर्यातक थे तथा गेहूं के वैश्विक व्यापार के एक-चौथाई भाग की पूर्ति कर देते थे लेकिन अब वहां युद्ध छिड़ जाने के कारण, गेहूं आपूर्ति व्यवस्था लड़खड़ा गई है। इससे पहले भारत में गेहूं के आटे के निर्यात पर कभी भी रोक नहीं लगाई गई है लेकिन सरकार देश के 1.4 अरब लोगों की खाद्य सुरक्षा का भी तो ध्यान रखना था।

## सोनाली फोगाट की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में चौंकाने वाले खुलासे

पणजी, 25 अगस्त। भाजपा की नेता एवं टिकटॉक स्टार सोनाली फोगाट की ऑटोप्सी (पोस्टमॉर्टम) रिपोर्ट में चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। सोनाली फोगाट की ऑटोप्सी रिपोर्ट में 'शरीर पर किसी कुंद वस्तु से जबरन कई बार वार करने' का उल्लेख है। एक अधिकारी ने गुरुवार को ये जानकारी दी। गोवा पुलिस ने फोगाट की पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के तुरंत बाद उनके दो सहयोगियों के खिलाफ बृहस्पतिवार को हत्या का आरोप दर्ज किया है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि, 42 वर्षीय फोगाट की मौत से जुड़े मामले में भारतीय दंड संहिता की धारा 302 (हत्या) को जोड़ा गया है।

- **सोनाली फोगाट के शरीर पर कई जगह चोट के निशान पाये गये हैं।**

उन्होंने बताया कि, मामले में सुधीर सांगवान और सुखविंदर वासी को आरोपी बनाया गया है।

# 'अडाणी की ओर से टेकओवर की घोषणा पूरी तरह से एकतरफा है'

## एन.डी.टी.वी. के प्रमोटर्स ने कहा कि, अडाणी ने शेयर खरीदने से पहले सेबी से परमीशन नहीं ली

नई दिल्ली, 25 अगस्त (वार्ता)। समाचार प्रसारक एन.डी.टी.वी. ने गुरुवार को कहा कि उसके प्रमोटर प्रणय राय और राधिका राय पर शेयरों की खरीद या बिक्री तथा प्रतिभूति बाजार से संबंद्धता पर प्रतिबंध लगाया गया है इसलिए अडानी समूह को लेन-देन को पूरा करने के लिए बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) से मंजूरी लेनी होगी।

एन.डी.टी.वी. की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के 27 नवंबर- 2020 के आदेश के तहत उसके प्रमोटरों शेयरों की खरीद या बिक्री तथा प्रतिभूति बाजार से संबंद्धता पर दो साल के लिए प्रतिबंध लगाया गया है और यह अवधि आगामी 26 नवम्बर-2022 को समाप्त हो रही है। बयान में दावा किया गया है कि अडानी समूह को लेन-देन को पूरा करने के लिए बाजार नियामक सेबी से मंजूरी लेनी होगी। उद्यम हस्ती गौतम अडानी के नेतृत्व वाले अडानी समूह ने मंगलवार को घोषणा की थी कि उसकी मीडिया शाखा ए.एम.जी. मीडिया नेटवर्क्स लिमिटेड परोक्ष रूप से एन.डी.टी.वी. में 29.18 प्रतिशत हिस्सेदारी का अधिग्रहण करेगी और 26 फीसदी शेयरों के लिए खुला ऑफर भी पेश करेगी।

- **गौरतलब है कि, शेयर बाजार नियामक सेबी ने एन. डी. टी.वी. के प्रमोटर प्रणय रॉय और राधिका रॉय के शेयरों की खरीद एवं बिक्री पर प्रतिबंध लगा रखा है।**

उसी दिन समूह ने स्टॉक एक्सचेंजों बी.एस.ई. और एन.एस.ई. को भी सूचित किया कि ए.एम.एन.एल. ने वी.सी.पी.एल. में 100 फीसदी इक्विटी हिस्सेदारी हासिल कर ली है। एन.डी. टी.वी. ने कहा था कि वी.सी.पी.एल. द्वारा अधिकारों का प्रयोग बिना किसी बातचीत या एन.डी.टी.वी. के संस्थापकों की सहमति के बिना किया गया।

# बाढ़ में फंसे 28 लोगों को बचाया

कोटा, 25 अगस्त (निसं)। जिले के इटावा उपखण्ड के गांव कीरपुरा में नैशनल डिज़ैस्टर रैस्पाँस फोर्स (एन.डी.आर.एफ.) किशनगढ़ की टीम ने पानी में फंसे हुए 28 जनों को रैस्क्यू कर सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया तथा अपनी जान पर खेलकर तेज बहाव में बह कर जा रहे 35 वर्षीय युवक को भी बाहर निकाला।

- **नैशनल डिज़ैस्टर रैस्पाँन्स फोर्स के जवानों ने कोटा के कीरपुरा गांव में बाढ़ में फंसे 28 लोगों को बचाया।**



दल के राजस्थान प्रभारी सहा. कमाडेंट योगेश कुमार मीना ने बताया कि जिला प्रशासन से सूचना मिली कि इटावा के गांव कीरपुरा में चम्बल का पानी बढ़ने के कारण बाढ़ की स्थिति बन गयी है तथा गांव में 28 जन फंसे हुए हैं। उन्होंने बताया कि टीम कमांडर विनय भाटी के नेतृत्व में 11 सदस्यीय टीम ने तुरंत कीरपुरा में पानी में फंसे लोगों को बचाने का अभियान शुरु किया तथा 28 लोगों का सफल रैस्क्यू किया।

सहायक कमाडेंट ने बताया कि बचाव कार्य के दौरान टीम कमांडर विनय भाटी को बहते हुए पानी से बचाओ-बचाओ की आवाज सुनाई दी, देखा तो पाया गया कि कोई व्यक्ति पानी के तेज बहाव में बह रहा है। उन्होंने बताया कि रैस्क्यू टीम ने तत्काल कार्यवाही की और टीम सदस्यों ने छलांग लगाकर सुरक्षा घेरा प्रदान किया जिससे व्यक्ति तेज बहाव में बहकर नहीं जा सके। कीरपुरा निवासी दौलत राम पुत्र मूलचंद उम्र 35 वर्ष के परिजनों ने एनडीआरएफ दल के सदस्यों एवं जिला प्रशासन का आभार व्यक्त किया।

# सुप्रीम कोर्ट के प्रति आक्रामक...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

सुखद आश्चर्य के रूप में आई है, वह है कि सर्वोच्च न्यायालय द्वारा बड़े अधिकार के साथ ऐसे मामलों के बीच में आने, जो विशिष्ट रूप से विधायिका के परमाधिकार एवं कर्तव्य के अन्तर्गत आते हैं, को लेकर पूर्व उपराष्ट्रपति वेंकैया नायडू ने भी वही रुख अपनाया, जो पी.टी.आर. ने अपनाया था।

प्रसंगवश बता दें कि जब सर्वोच्च न्यायालय ने डी.एम.के. के बयानों पर आपत्ति दर्शायी थी, तो उस समय उसने किसी व्यक्ति का नाम नहीं लिया था, लेकिन न्यायालय का संकेत किस व्यक्ति की ओर था, यह हर व्यक्ति के समक्ष स्पष्ट था। अब, नायडू ने भी न्यायालयों के इस अधिकार पर सवाल खड़े किये हैं कि वह किसी सरकार को फ्रीबीज़ के मामले में निर्देश दे। नायडू ने कहा कि इस मुद्दे का निर्णय तो निर्वाचित प्रतिनिधियों को करना चाहिये, सर्वोच्च न्यायालय या न्यायपालिका को नहीं। उल्लेखनीय है कि इन जटिल मुद्दों पर अपनी अलग सोच को दर्शाते समय उनकी भाषा और लहज़ा पूरी तरह संयत था। अरुण जेटली की पुस्तक "अ न्यू इंडिया" के लोकार्पण समारोह में बोलते हुये, पूर्व उपराष्ट्रपति ने कहा कि कोई व्यक्ति कानून की व्याख्या एवं प्रतिपादन के लिये अदालतों में जा सकता है लेकिन क्या और कौनसी नीति प्रतिपादित करनी है यह क्षेत्राधिकार तो संसद एवं राजनैतिक दलों का है।

नायडू ने कहा : "कानून की व्याख्या (के लिये) कोई व्यक्ति अदालत में जा सकता है लेकिन कैसे कानून बनाये जाने की जरुरत है तथा कैसी नीति प्रतिपादित करनी होगी- यह तो संसद एवं राजनैतिक दलों के क्षेत्राधिकार में है।" उन्होंने जोर देते हुये कहा कि यह काम सर्वोच्च न्यायालय या न्यायपालिका का नहीं है क्योंकि इन मुद्दों पर तो सत्ता में बैठे लोगों को निर्णय लेना चाहिये, क्योंकि जनता उन्हें (इसी काम के लिये) चुनती है। बिल्कुल यही बात उस समय पी.टी.आर. ने कही थी, जब उन्होंने यह सवाल किया था कि सर्वोच्च न्यायालय या केन्द्र सरकार हमसे यह कहने वाले कौन होते हैं कि हम अपना काम कैसे करें, जबकि संविधान यह काम निर्वाचित सरकार को सौंपता है कि वह सार्वजनिक धन को खर्च करने के रास्तों एवं साधनों के बारे में निर्णय ले। पी.टी.आर. ने कहा था, "हम जनता के प्रति जवाबदेह हैं। यह बात जनता को हमें बतानी चाहिये कि हम अच्छा काम कर रहे हैं या बुरा काम कर रहे हैं।"

दरअसल, डी.एम.के. स्वयं भी फ्रीबीज से सम्बंधित याचिका में शामिल हो गई तथा उसने जानना चाहा कि क्या धनी लोगों के ऋणों को माफ कर देना (राइट आफ) भी फ्रीबीज़ है, यह वह मुद्दा है जिसे लेकर हरेक विपक्षी दल प्रहार कर रहा है तथा प्रधानमंत्री मोदी तथा केन्द्र सरकार से सवाल कर रहा है। केन्द्र सरकार द्वारा कॉर्पोरेट टैक्स में कटौती किये जाने पर भी विपक्ष ने सवाल खड़े किये थे तथा भाजपा के इस कथन को निरर्थक सिद्ध कर दिया था कि विपक्षी दल "रेवड़ियाँ" बाँट रहे हैं तथा राज्यों की अर्थव्यवस्था को कमजोर कर रहे हैं। पी.टी.आर. ने तथ्यों एवं आँकड़ों के आधार पर, इसकी भी काट की थी तथा कहा था कि तथाकथित सभी प्रकार की फ्रीबीज देने के बाद भी, तमिलनाडु की ग्रोथ ज्यादा है, वहाँ महंगाई कम है, प्रति व्यक्ति आय ज्यादा है तथा राष्ट्रीय राजकोष में उसका योगदान बहुत बड़ा है। फ्रीबीज तथा चुनावी वादों को लेकर एक उत्साही बहस पूरी गंभीरता के साथ शुरु हो चुकी है। देखना यह है कि क्या इस सम्बंध में कोई कानून या राजनैतिक सर्वसम्मति बनेगी। केन्द्र से कहा गया था कि क्या वह इस मुद्दे पर विचार करने के लिये एक सर्वदलीय मीटिंग बुला सकता है।

## 'अडानी ग्रुप...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

समाज या शासन सम्बंधी जोखिम है, में कदम रखते वक्त गौतम अडानी और उनके परिवार की ओर से सीमित मात्रा में पूंजी लगाई गई।

**प्रो. गौरव वल्लभ ने सीधे तीन प्रश्न दागे:**

-सरकार में से किसने राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था और बैंकों को महा जोखिम में डालते हुए एस.बी.आई. जैसे बैंकों पर इतने बड़े अनुपात में ऋण देने का दबाव डाला?

-अग्रिम एन.डी.टी.वी. चैनल के शत्रुतापूर्ण अधिग्रहण के पूरे प्रकरण पर वित्त मंत्रालय और सेबी क्यों चुप्पी साधे बैठे हैं?

- ऋण पुनर्भुगतान में चूक की स्थिति में सरकार अर्थव्यवस्था को अनुषंगिक और व्यापक नुकसान से कैसे बचाएगी क्योंकि अडानी ग्रुप का ऋण लगातार बढ़ रहा है?

अडानी ग्रुप ने अप्रैल 2020 से जून 2022 तक जो बड़े लोन लिए, उनमें से एक तो 48 हजार करोड़ रूपयों का था, जिसमें से स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया (एस.बी.आई.) ने 40 प्रतिशत अर्थात 18 हजार 770 करोड़ की फण्डिंग की, जबकि शेष 60 प्रतिशत, 29 हजार करोड़ रूपयों की फण्डिंग 14 वैश्विक एवं प्राइवेट बैंकों द्वारा की गई। प्रोफेसर ने कहा कि यह तथ्य भारत के सबसे प्रमुख बैंक को जोखिम में डालता हैं। उन्होंने बताया कि रिपोर्ट में हाइलाइट किया गया है कि जिन करोबारों के लिए लोन दिया गया, उनमें शुरूआत के कुछ वर्षों में लाभ नहीं कमाया जाता, इसलिए उनमें ऋण अनुबंध बढ़ाने की, ऋण दायित्वों की रीफायनैन्सिंग की संभावना है, जिसके लिए उन्हें फिर से बैंकों की शरण में आना होगा। रिपोर्ट में चेतावनी दी गई है कि ऋण फण्डिंग की अति महत्वकांक्षी विकास योजनाएं अन्ततः ऋणों के एक महाजाल में फंसा सकती हैं। क्रेडिट साइट्स दो टूक कहती हैं कि "गौतम अडानी के सत्तारूढ़ भाजपा सरकार के साथ मधुर संबंध हैं तथा वे और प्रधानमंत्री मोदी तब से एक-दूसरे को जानते हैं जब मोदी गुजरात के मुख्यमंत्री हुआ करते थे।" प्रो. गौरव वल्लभ ने याद किया कि, किस तरह श्रीलंका सरकार के सीलोन इलैक्ट्रिसिटी बोर्ड ने एक संसदीय पैनल के समक्ष दावा किया था कि, नरेन्द्र मोदी जी ने श्रीलंका के राष्ट्रपति गोटाबाया राजपक्षे पर दबाव डाला था, अडानी ग्रुप को विण्ड प्रौजेक्ट देने के लिए/इसके साथ ही, सन् 2014 में जैसे ही मोदी सरकार सत्ता में आई एस.बी.आई. ने अडानी ग्रुप के साथ एक अरब डॉलर को फैसिलिटी के लिए सिद्धान्तः अनुबंध किया।




**उठावना**

हमारी पूजनीया

**श्रीमती शकुंतला देवी शर्मा**

पत्नी स्व. श्री पुष्करदत्त जी शर्मा (निवासी काँसली, कोटपुतली वाले) का स्वर्गवास दिनांक 24.08.2022 को हो गया है। उठावना आज दिनांक 26.08.2022, शुक्रवार को सायं 5:00 से 5:30 बजे तक स्थान-शिव मंदिर, कैलाशपुरी, अजमेर पर रखा गया है।

शोकाकुल : गिरीश कुमार शर्मा (पुत्र), वेद प्रकाश, ओम प्रकाश, विष्णु कुमार (भतीजे), आशीष, श्रीधर, सिद्धार्थ (पौत्र), वैदक्ष (प्रपौत्र) एवं समस्त शर्मा परिवार।

प्रतिष्ठान : श्री शर्मा आयुर्वेदिक स्टोर, कचहरी रोड, अजमेर।


**राष्ट्रदूत (एचयूएफ) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा मैसर्स अरावली प्रिन्टर्स, राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर (राजस्थान) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक**-राजेश शर्मा, आर.एन.आई. नं. 65015/96, **जयपुर कार्यालयः** सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोनः 2372634, 4103333-34 फैक्स : 0141-2373513, **कोटा कार्यालय** : पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोनः 2386031, 2386032,फैक्सः0744-2386033, **उदयपुर कार्यालयः** आयड मैन रोड आयड, उदयपुर। फोनः 2413092, फैक्स : 0294-2410146, **बीकानेर कार्यालय** : कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोनः 2200660, फैक्स 0151-2527371, **जालोर कार्यालय** :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोनः 226422, 226423, फैक्सः 02973-226424 **हिण्डौनसिटी कार्यालय** :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोनः 230200, 230400, फैक्सः 07469-230600 **चूरू कार्यालय** : एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन : 256906, 256907, फैक्सः 01562-256908